

दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



दुनिया के अनोखे दुर्लभ फूल ....



अनानास जैसी इमारत.....

वर्ष : 10 | अंक : 83 | लखनऊ, 02 मार्च, शनिवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 18.c

न्यूनतम तापमान 12.c

**बाजार**

सोना 5848/ g

चांदी 75.50/ g

सेंसेक्स 72,085.63

निफ्टी 21,853.80

# आस्था ही नहीं रोजगार के भी बड़े केंद्र बनेंगे अयोध्या, काशी और मथुरा

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** अयोध्या, काशी और मथुरा, उत्तर प्रदेश में ये तीनों स्थल हिंदु समाज के आस्था के सबसे बड़े केंद्र के रूप में विख्यात हैं। हालांकि अब ये आस्था के केंद्र उत्तर प्रदेश में रोजगार के बड़े केंद्र में शुमार होने जा रहे हैं। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के माध्यम से इन तीनों स्थानों पर 48 हजार करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतारने की शुरूआत हो चुकी है। इस निवेश के जरिए व्यापक स्तर पर यहां रोजगार के द्वार खुल रहे हैं। इन तीनों स्थलों पर जो टॉप-5 प्रोजेक्ट्स शुरू हो रहे हैं, अकेले उनके माध्यम से यहां पर करीब 14 हजार लोगों को रोजगार मिलने जा रहा है। इन स्थलों पर खासतौर पर टूरिस्ट्स फैसिलिटी सेंटर, वेलनेस सेंटर और होटल्स की शुरूआत हो रही है, जिसमें व्यापक स्तर पर लोगों की आवश्यकता होगी।

## रोजगार का माध्यम बनेगी प्रभु राम की नगरी अयोध्या

प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में करीब 13 हजार करोड़ के कुल 372 प्रोजेक्ट्स की शुरूआत होने जा रही है। इसमें अभिनंदन लोढ़ा हाउस रीयल एस्टेट एवं कॉमर्शियल प्रोजेक्ट के माध्यम से 3 हजार करोड़ रुपए का निवेश कर रहा है, जो 100 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित करेगा। इसी तरह, पीकेएच वेंचर्स लि. 600 करोड़ के निवेश से प्रदेश सरकार की पॉलिसी के तहत टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर की स्थापना कर रहा है, जिसमें 500 कमरों का एक होटल बन रहा है। इसके माध्यम से 300 नौकरियों का सृजन होगा। वहीं, पक्का लिमिटेड अयोध्या में 550 करोड़ रुपए की लागत से पेपर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना कर रहा है। इसके जरिए अयोध्या में 600 से अधिक रोजगार सृजित होने की संभावना है। द इनोवेटर्स डिजिटल एड्स प्रा. लि. 510 करोड़ की लागत से अयोध्या में लग्जरी



स्टार कैटेगरी होटल निर्मित कर रहा है। इस प्रोजेक्ट से 100 रोजगार उपलब्ध होंगे। वहीं, क्रेसकेंडो इंटीरियर्स 500 करोड़ रुपए से प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क का निर्माण करने जा रहे हैं। यह 100 से अधिक लोगों के लिए रोजगार का सृजन करेगा। इस तरह इन टॉप-5 प्रोजेक्ट्स से ही 1200 रोजगार उपलब्ध हो रहे हैं।

## काशी में बढ़ेंगे रोजगार के साधन

भगवान शिव की नगरी काशी यानी वाराणसी की बात करें तो करीब 19250 करोड़ की निवेश राशि से 277 प्रोजेक्ट्स शुरू हो रहे हैं। इसमें टॉप-5 प्रोजेक्ट्स से 1500 से ज्यादा लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लि. (भेल) 500 करोड़ रुपए की धनराशि से कंपनी के मौजूदा और उभरते व्यावसायिक क्षेत्र (मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट/सिस्टम) के लिए रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आरएंडडी) और फैब्रिकेशन/मैन्युफैक्चरिंग/टेस्टिंग फैसिलिटीज की स्थापना कर रहा है। इसके माध्यम से 225 रोजगार सृजित होंगे। वहीं, रोमा बिल्डर्स और प्रमोटर्स प्रा. लि. 5 स्टार रिजॉर्ट, मेडिटेशन के साथ वेलनेस सेंटर, फलों के फॉर्म्स, क्लब हाउस और हाउसिंग सोसाइटी का मिक्स डेवलपमेंट आधारित प्रोजेक्ट शुरू कर रहा है। 500 करोड़ के निवेश से शुरू हो रहे इस प्रोजेक्ट से 300 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। इसी तरह, गजाधर टेक्नोसिस एलएलपी हाउसिंग प्रोजेक्ट्स पर 350 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है जो क्षेत्र में 300 लोगों को रोजगार प्रदान करने में सक्षम होगा। अंश निर्माण प्रा. लि. 275 करोड़ रुपए से रेजिडेंशियल ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट और कॉमर्शियल मॉल की स्थापना कर रहा है जिसके माध्यम से 200 लोगों को नौकरियां प्रदान की जा सकेंगी।

## कृष्ण जन्मस्थली में बंपर रोजगार के अवसर

श्रीकृष्ण जन्मस्थली मथुरा में करीब 16,600 करोड़ रुपए से 415 प्रोजेक्ट्स की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी संपन्न हुई है। यहां टॉप-5 प्रोजेक्ट्स से 11 हजार से अधिक नौकरियां मिलने की संभावना है। इसके अनुसार, एयर लिक्विड नॉर्थ इंडिया प्रा. लि. ने मथुरा में 3075 करोड़ रुपए से उद्योगों और अस्पतालों की सेवा के लिए एक नई अत्याधुनिक स्टेट आफ आर्ट एयर सेपरेशन यूनिट स्थापित करने की योजना बनाई है। यह यूनिट अत्याधुनिक, पूरी तरह से स्वचालित और पर्यावरण के अनुकूल होगी। यूनिट को लिक्विड ऑक्सीजन (मेडिकल ऑक्सीजन सहित) 305 टीपीडी, लिक्विड नाइट्रोजन 45 टीपीडी, लिक्विड आर्गन 12 टीपीडी बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसके जरिए 50 लोगों को रोजगार प्रदान किया जा सकेगा।

## अन्य चार प्रमुख धार्मिक स्थलों में बड़े प्रोजेक्ट्स से मिलेंगे 12,500 रोजगार

प्रदेश के अन्य धार्मिक स्थलों (प्रयागराज, चित्रकूट, नैमिषारण्य (सीतापुर), बरेली) के जरिए भी 77,312 करोड़ रुपए के कुल 902 प्रोजेक्ट्स धरातल पर उतर रहे हैं। इसके माध्यम से हजारों रोजगार मिलने की संभावना है। इन चारों धार्मिक स्थलों में होने जा रहे टॉप-5 प्रोजेक्ट्स के जरिए यहां 12,500 से ज्यादा रोजगार प्रदान करेंगे। संगमनगरी प्रयागराज में वरुण बेवरेजेस (1053 करोड़ रुपए), डीएनडी इंडिया (600 करोड़ रुपए), ओमेक्स लि. (600 करोड़ रुपए), शौर्य नेचुरोपैथी एंड रिसॉर्ट्स इंडिया प्रा. लि. (500 करोड़ रुपए) और जेकेसेम (400 करोड़ रुपए) मिलकर करीब 2500 रोजगार सृजित करने जा रहे हैं। इसी तरह, धार्मिक स्थल चित्रकूट में टस्को लि. (4700 करोड़ रुपए), सहस्त्रभुज फूड प्रोडक्ट्स प्रा. लि. (500 करोड़ रुपए), वरुण बेवरेजेस लि. (496 करोड़ रुपए), श्री सीमेंट प्रा. लि. (202 करोड़ रुपए) और जय बल्ब कंपनी लि. (300 करोड़ रुपए) करीब 1900 नौकरियां सृजित करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत में महिलाओं के नेतृत्व में विकास का युग आरंभ हो गया है: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

बरहमपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि भारत में महिलाओं के नेतृत्व में विकास का युग शुरू हो गया है क्योंकि महिलाएं राष्ट्र निर्माण के सभी क्षेत्रों में केंद्रीय भूमिका निभा रही हैं और यह प्रवृत्ति देश के लिए बहुत उत्साहजनक है। ओडिशा के गंजाम जिले के भांजा बिहार में बरहमपुर विश्वविद्यालय के 25वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि साहित्य, संस्कृति, नृत्य और संगीत में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही है।

### रक्षा मंत्रालय ने 39,125 करोड़ रुपये के खरीद सौदे पर हस्ताक्षर किये

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को 39,125 करोड़ रुपये के पांच सैन्य खरीद सौदों पर हस्ताक्षर किये। मंत्रालय के मुताबिक, इनमें से एक समझौता हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ किया गया है, जिसके तहत मिग-29 विमान के लिए हवाई इंजन की खरीद की जाएगी। मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में बताया कि दो समझौते लार्सन एंड टूब्रो लिमिटेड के साथ किये गये हैं, जिसके तहत क्लोज-इन वेपन सिस्टम (सीआईडब्ल्यूएस) और उच्च क्षमता वाले रडार की खरीद की जाएगी। मंत्रालय के मुताबिक, ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद के लिए दो सौदे ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ किये गये हैं। मंत्रालय ने बताया, ये समझौते स्वदेशी क्षमता को और मजबूत बनाने के साथ-साथ विदेशी मुद्रा बचाएंगे, साथ ही भविष्य में विदेशी उपकरण निमार्ताओं पर निर्भरता कम करने में मदद करेंगे।

### अनुराग अग्रवाल को संसद सुरक्षा का प्रमुख नियुक्त किया गया

नयी दिल्ली। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी अनुराग अग्रवाल को संसद सुरक्षा का प्रमुख नियुक्त किया गया है। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई है। वर्तमान में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में महानिरीक्षक, असम-मेघालय कैडर के 1998-बैच के अधिकारी को तीन साल के लिए संयुक्त सचिव (सुरक्षा) नियुक्त किया गया है। अग्रवाल ऐसे समय में अपनी नयी जिम्मेदारी संभालेंगे जब संसद में 13 दिसंबर को दो लोगों द्वारा दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष में कूदने के बाद संसद भवन परिसर की सुरक्षा में व्यापक बदलाव किया जा रहा है। अग्रवाल की नियुक्ति का आदेश बृहस्पतिवार को लोकसभा सचिवालय ने जारी किया। तत्कालीन संयुक्त सचिव रघुबीर लाल के अपने कैडर में वापस जाने के बाद 20 अक्टूबर से जेएस (सुरक्षा) का पद खाली था। जेएस (सुरक्षा) का पद पारंपरिक रूप से एक आईपीएस अधिकारी के पास होता है।

# लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने जारी की एडवाइजरी

अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** देश में आने वाले हफ्तों में होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले, भारत निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों से कहा है कि आदर्श आचार संहिता के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष उल्लंघन के मामले में उन्हें कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। अपनी एडवाइजरी में चुनाव आयोग ने पार्टियों, उम्मीदवारों, स्टार प्रचारकों से जाति, धर्म, भाषा के आधार पर अपील नहीं करने का आग्रह किया है। आयोग ने पार्टियों और नेताओं से कहा है कि वे बिना तथ्यात्मक आधार वाले बयान न दें और मतदाताओं को गुमराह न करें।

प्रमुख सलाह

- चुनाव आयोग ने पार्टियों से मयार्दा और अत्यधिक संयम बनाए रखने, चुनाव अभियान के स्तर को मुद्दा-आधारित बहस तक बढ़ाने को कहा।
- पूर्व में नोटिस प्राप्त कर चुके स्टार प्रचारकों, उम्मीदवारों को दोबारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।
- सोशल मीडिया पर प्रतिद्वंद्वियों की निंदा या अपमान करने वाले पोस्ट, खराब स्वाद वाले या गरिमा से नीचे के पोस्ट साझा नहीं किए जाने चाहिए।
- ऐसी बातें न कही जाएं, जिनमें भक्त-देवता संबंधों का उपहास हो, और न ही दैवीय निंदा की जानी चाहिए।

# राजभवन में पीएम मोदी और ममता बनर्जी की मुलाकात

अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार (1 मार्च) शाम को राज्य की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान राजभवन में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री दो दिवसीय दौरे पर पश्चिम बंगाल में हैं जहां वह हुगली में एक रैली को संबोधित किया। शनिवार को नादिया जिले में रैली को संबोधित करेंगे और कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे। वह शुक्रवार रात कोलकाता के राजभवन में रुकेंगे। ममता की प्रधानमंत्री से मुलाकात ऐसे समय हुई है जब राज्य सरकार आरोप लगा रही है कि केंद्र पर पश्चिम बंगाल का 1.18 लाख करोड़ रुपये बकाया है।



ममता ने मुलाकात के बाद कहा कि यह एक प्रोटोकॉल मीटिंग और शिष्टाचार मुलाकात है। मैं किसी भी राजनीतिक विषय पर चर्चा नहीं करने जा रहा हूं, क्योंकि यह बिल्कुल भी राजनीतिक बैठक नहीं है। उन्होंने कहा कि यह एक प्रोटोकॉल है कि यदि राष्ट्रपति या प्रधान मंत्री का दौरा होता है, तो सीएम को उनसे मिलना होता है।

इससे पहले पिछले साल दिसंबर में, बनर्जी ने राज्य का बकाया जारी करने के लिए दबाव बनाने के लिए नई दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की थी। पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को लगभग 30 लाख मनरेगा श्रमिकों को मार्च 2022 से लंबित 2,700 करोड़ रुपये का भुगतान शुरू किया। केंद्र द्वारा पश्चिम बंगाल का मनरेगा बकाया रोकना पिछले एक साल से राज्य की राजनीतिक चर्चा का केंद्र बिंदु रहा है। नरेन्द्र मोदी के दौरे से पहले शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने केंद्र द्वारा कथित तौर पर मनरेगा की राज्य की बकाया राशि जारी न किए जाने पर सवाल उठाया। टीएमसी ने हैशटैग-आए हो तो बता के जाओ के साथ सोशल मीडिया अभियान भी चलाया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार से राज्य के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे और इस दौरान वह हुगली तथा नदिया जिले में दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे एवं कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री दो जनसभाएं करेंगे, जिनमें पहली जनसभा शुक्रवार को हुगली जिले के अरामबाग में होगी और दूसरी शनिवार को नदिया के कृष्णानगर में आयोजित की जाएगी।

# भारत को अग्रणी ताकत में तब्दील होने के लिए मजबूत राष्ट्रीय शक्ति का निर्माण करना होगाः जयशंकर

अमन लेखनी समाचार

पुणे। विदेशमंत्री एस.जयशंकर ने कहा कि भारत को अगले 25 साल तक गहन रूप से मजबूत राष्ट्रीय ताकत का निर्माण करना होगा ताकि वह विकसित अर्थव्यवस्था और अग्रणी महाशक्ति के रूप में खुद को तब्दील हो सके। सीमित आपूर्तिकताओं पर निर्भरता, प्रौद्योगिकी की चुनौतियों और बाजार में प्रभुत्व को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के खतरों को चिह्नित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के लक्ष्य और महत्वाकांक्षाएं दूसरों की सद्भावना से निर्धारित नहीं की जा सकती हैं। विदेश मंत्रालय और पुणे अंतरराष्ट्रीय केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक भू-अर्थशास्त्र सम्मेलन, पांचवें एशिया आर्थिक संवाद के उद्घाटन सत्र के दौरान विदेश मंत्री का रिकॉर्ड किया गया वीडियो संदेश प्रसारित किया गया। इस वर्ष सम्मेलन का विषय प्रवाह के युग में भू-आर्थिक चुनौतियां है। जयशंकर ने कहा कि मौजूदा भू-आर्थिक चुनौतियों की तीन श्रेणी हैं जिनमें आपूर्ति शृंखला चुनौती, प्रौद्योगिकी चुनौती, और वैश्वीकरण की प्रकृति से उत्पन्न अति-संकेंद्रण की चुनौती। उन्होंने



कहा, चाहे वह तैयार उत्पाद हों, मध्यवर्ती उत्पाद हों या घटक हों, दुनिया सीमित संख्या में आपूर्तिकताओं पर खतरनाक स्तर तक निर्भर है। उन्होंने कहा, आयातकों के रूप में भी, उत्पादन केंद्रों ने अपनी स्वयं की स्रोत श्रृंखलाएं तैयार की हैं। अधिक लचीलापन और विश्वसनीयता कैसे पैदा की जाए जो वैश्विक अर्थव्यवस्था को जोखिम मुक्त करने के लिए महत्वपूर्ण है। हम सभी को अधिक विकल्पों की आवश्यकता है और उन्हें बनाने के लिए काम करना चाहिए। विदेश मंत्री ने कहा कि दैनिक जीवन के अधिक से अधिक पहलुओं के लिए प्रौद्योगिकी पर हमारी निर्भरता के मद्देनजर इससे उत्पन्न चुनौतियां भी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है।

# ओडिशा सरकार ने आंगनवाड़ी कर्मियों का मासिक पारिश्रमिक बढ़ाकर 10 हजार रुपये किया

अमन लेखनी समाचार

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव से पहले एक बड़ा फैसला लेते हुए बृहस्पतिवार को आंगनवाड़ी कर्मियों और उनकी सहायिकाओं का मासिक पारिश्रमिक बढ़ाने की घोषणा की। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि आंगनवाड़ी कर्मियों का मासिक पारिश्रमिक 7,500 से बढ़ाकर 10 हजार रुपये जबकि मिनी-आंगनवाड़ी कर्मियों का मासिक




पारिश्रमिक 5,375 से बढ़ाकर 7,250 कर दिया गया है। बयान के अनुसार, इसी प्रकार आंगनवाड़ी सहायिकाओं का मासिक पारिश्रमिक 3,750 से बढ़ाकर 5,000 रुपये कर दिया गया है। एक अधिकारी ने कहा कि नया वेतन अक्टूबर 2023 से प्रभावी होगा। उन्होंने कहा कि इस वृद्धि के साथ ही राज्य सरकार सालाना 350 करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च करेगी। इस फैसले से राज्य की 1.48 लाख आंगनवाड़ी कर्मियों, मिनी आंगनवाड़ी कर्मियों और आंगनवाड़ी सहायिकाओं को लाभ होगा।

# बादल परिवार ने लक्जरी होटल के लिए 108 करोड़ रुपये का कर माफ कराया: मुख्यमंत्री मान

अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि बादल परिवार ने शिरोमणि अकाली दल के शासन के दौरान नीतियों में बदलाव कर मोहाली स्थित लक्जरी होटल सुखविलास के लिए 108 करोड़ रुपये का कर माफ कराया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस मामले में कार्रवाई करेगी। इस बीच, शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने मान को शिअद प्रमुख सुखबीर बादल के खिलाफ आरोपों को साबित करने के लिए मामला दर्ज कराने या दुर्भावनापूर्ण झूठ बोलने के लिए माफी मांगने को कहा। इसने कहा कि ऐसा न करने पर उन्हें एक और मानहानि के मुकदमे का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। मान ने यहां संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि बादल परिवार ने 2007-2017 तक दस साल की



अवधि के लिए लक्जरी होटल परियोजना के वास्ते 108 करोड़ रुपये की कर छूट का दावा किया था। आम आदमी पार्टी के नेता ने दावा किया कि अकाली सरकार ने होटल के निर्माण को सुविधाजनक बनाने के लिए पंजाब इको-टूरिज्म नीति, 2009 बनाई। मान ने कहा कि करदाताओं का पूरा पैसा वसूल किया जाएगा। शिरोमणि अकाली दल के मुख्य प्रवक्ता अर्शदीप सिंह कलेर ने आरोपों को झूठा करार दिया और कहा कि ये आरोप केवल किसान शुभकरण सिंह की मौत के मामले में दर्ज जीरो प्राथमिकी से ध्यान भटकाने के लिए लगाए गए हैं।

# भाजपा का एजेंडा सामाजिक तनाव पैदा करना और अन्याय, अनाचार की राजनीति करना है - अखिलेश यादव

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा का एजेंडा सामाजिक तनाव पैदा करना और अन्याय, अनाचार की राजनीति करना है। भाजपा के कारण ही आर्थिक संकट पैदा हुआ है। भाजपा लोकतांत्रिक मान्यताओं और राजनीतिक शुचिता पर हमला करती है। किसान, नौजवान सहित समाज का हर वर्ग भाजपा की कुनीतियों का शिकार है, दुःखी है वह इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराएगा और इंडिया-पीडीए को विजयी बनाएगा। अखिलेश यादव आज समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ के डॉ0 लोहिया सभागार में समाजवादी युवजन सभा, लोहिया वाहिनी, समाजवादी छात्रसभा और यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय एवं प्रदेश के अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में अन्य



पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नौजवानों पर उन्हें पूरा भरोसा है कि सभी अपनी पूरी जिम्मेदारी से काम करेंगे नौजवानों का आवाह्न किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए वे अभी एक सप्ताह में पांच दिन दें और चुनाव प्रक्रिया आरम्भ होने पर पूरे समय, पूरे महीना चुनाव में दिनरात एक करेंगे। इस सम्बंध में अनुशासन और सावधान से काम करने की जरूरत है। युवा संगठनों की बैठक में संकल्प लिया गया कि लोकसभा 2024 के चुनाव में समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव के नेतृत्व में भाजपा को 80 सीटों पर हराकर पीडीए को सभी 80 सीटों पर विजयी बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। नौजवानों ने अखिलेश यादव के नेतृत्व पर अपनी आस्था जताते हुए यह भरोसा व्यक्त किया कि समाजवादी नीतियों से ही नौजवानों के रोटी-रोजगार का रास्ता प्रशस्त होगा और राष्ट्र निर्माण में नौजवानों की भूमिका सुनिश्चित होगी। अपने सम्बोधन में अखिलेश यादव ने कहा कि बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के बनाए संविधान पर खतरा है। लोकतांत्रिक प्रणाली संकट के दौर में है। संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। स×ा का दुरूपयोग करने में भाजपा को कोई लाज नहीं आती है। भाजपा को समाज के लिए खतरा बताते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि उसकी सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। सीबीआई, ईडी, भाजपा के गोरखधंधो की जांच क्यों नहीं कर रही है? भाजपा सिर्फ समाजवादी नेताओं के खिलाफ झूठे मुकदमे करती है। लेकिन समाजवादी भाजपा के जुल्म से डरने वाले नहीं है। नौजवानों को लैपटॉप देकर समाजवादी सरकार ने नया रास्ता खोला था। भाजपा सरकार में 9 से ज्यादा पेपर लीक हुए क्योंकि अगर नौकरी देनी पड़ती तो आरक्षण भी देना होगा। शिक्षक भर्ती, पुलिस भर्ती, इसलिए भाजपा की धांधली की शिकार हुई है।

## सिपाहियों की रवानगी होने पर फूल माला पहनाने के साथ ही अंग वस्त्र भेंट कर दी विदाई

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। बंथरा की हरौनी पुलिस चौकी में तैनात आरक्षी कृष्ण दत्त मिश्रा और अनुज चौधरी का स्थानांतरण होने के बाद शुक्रवार को उनकी रवानगी होने पर हरौनी पुलिस चौकी में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान चौकी प्रभारी मानवेन्द्र कुमार सिंह व उनके पूरे स्टाफ के अलावा कई स्थानीय लोगों ने दोनों आरक्षियों को फूल माला पहनाने के साथ ही अंग वस्त्र भेंट कर उन्हें विदाई दी। इस मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने उनकी विदाई के समय दोनों सिपाहियों की कार्यशैली की प्रशंसा की और भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि यह दोनों सिपाही निष्पक्ष और स्पष्ट कार्यशैली से लोगों को न्याय दिलाने में सहयोग देते रहे। जिससे वह सभी के हृदय में समा गए। स्थानीय लोग इनकी विदाई के समय अपने आंसू भी नहीं रोक सके। फूल माला पहनकर दोनों सिपाहियों को विदाई देने वालों में भाजपा नेता मुकेश सिंह चौहान, अतुल सिंह माखन, प्रधान प्रतिनिधि समर सेन शेरा, पिंटू सिंह, रोहित सिंह, पत्रकार राहुल तिवारी, इदरीश खान व नितिन पटेल के अलावा स्थानीय नीरज तिवारी और सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## लघु मध्यम एवं बड़े अखबारों को परिभाषित कर विज्ञापन कोटा निर्धारित करने की मांग

### यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के प्रतिनिधिमंडल की प्रेस काउंसिल की उप समिति से भेंट

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन ने प्रेस काउंसिल आफ इंडिया से लघु मध्यम एवं बड़े अखबारों की श्रेणी को परिभाषित करने और उसे पर केंद्र एवं राज्य सरकारों से अमल करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने शिवशरण सिंह के नेतृत्व में प्रेस काउंसिल की विज्ञापन नीति के संबंध में गठित उप समिति के संयोजक गुरिन्दर सिंह को दिए गए ज्ञापन में सभी श्रेणी के अखबारों को विज्ञापन के कुल बजट का निश्चित प्रतिशत आवंटित करने की मांग भी की है। यूनियन की मांग है कि भाषाई अखबारों, उत्तर प्रदेश के संबंध में हिंदी और उर्दू अखबारों का विशेष ध्यान रखा जाए। विज्ञापनों के भुगतान में हो रहे अनावश्यक विलंब और कमीशन की कटौती के मद्देनजर विज्ञापन का भुगतान बिल सीधे सूचना विभाग द्वारा किए जाने की मांग की है।

## घर के बाहर खडी स्कूली चोरों ने की पार, एफआईआर दर्ज

अमन लेखनी समाचार


लखनऊ । आशियाना थाना क्षेत्र में घूम रहे बेखौफ चोरों ने एक घर के बाहर खडी स्कूटी चोरी कर फरार हो गए । आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित रतनखण्ड शारदा निवासी घनश्याम पुत्र श्यामसिंगार के अनुसार उन्होंने बीते 27 फरवरी की शाम अपनी स्कूटी संख्या यूपी 32 एफ एफ 3261 को घर के बाहर खडी किया था। जो अगले दिन सुबह उक्त स्थान पर मौजूद नहीं थी। जिसकी खोजबीन करने के बाद उन्होंने स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर ऋकफ दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

## 15 शीशी विन्डीज शराब के साथ केरियर गिरफ्तार

लखनऊ । आशियाना पुलिस ने गुरूवार रात्रि को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र स्थित देवी खेडा में एक शराब के ठेके के पास से युवक को अवैध विन्डीज शराब की बिक्री करते गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवक के पास से पुलिस ने तलाशी के दौरान 15 शीशी विन्डीज शराब की बरामद किया है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक ने परिचय गोबिंद रावत पुत्र स्व बाबूलाल रावत देवी खेडा आशियाना निवासी के रूप में दिया है। बरामदगी के आधार पर पकड़े गए युवक को आबकारी एक्ट के तहत कारवाई कर जेल भेज दिया है।

## बंद मकान का ताला तोड़ चोरों ने चुराए कीमती गहने व नकदी

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में घूम रहे बेखौफ चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़ अलमारी के लाकर से कीमती गहने व नकदी चोरी कर फरार हो गए। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी कैलाश दूबे ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित भोलाखेडा न्यू इन्द्रपूरी निवासी सुकान्त की तिर्की के अनुसार वह बीते 23 फरवरी को वह अपने घर में ताला बंद कर गांव राँची झारखण्ड परिवार संग गए थे। उनके घर पर कोई सदस्य मौजूद नही था। वही पीड़ित के अनुसार वह जब गाँव से बीते 28 फरवरी को वापस घर लौटे तो घर के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ था और घर के अन्दर का सारा सामान अस्त व्यस्त था साथ ही अलमारी का लाकर टूटा हुआ था और उसमें रक्खे रखे सोने चादी के जेवरात सहित 18 हजार रुपये की नकदी चोरी हो गया था। जिसकी शिकायत उन्होंने स्थानीय थाने में पुलिस से करी है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है। पीड़ित ने अभी तक चोरी गए गहनों की लिस्ट नही दिया है।

## जनरल स्टोर दुकान का शटर तोड़ गल्ले से हजारों रुपये चोरी

लखनऊ, कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र में चोरो ने एक जनरल स्टोर दुकान का शटर तोड़ दूकान में घुस काउण्टर के गल्ले से हजारो रुपया चोरी कर फरार हो गए दुकानदार ने स्थानीय थाने में शिकायत की है कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी कैलाश दूबे ने बताया कि थाना क्षेत्र की विजय नगर चौकी अन्तर्गत महाराजापुरम निवासी प्रेम चन्द्र चौरसिया पुत्र स्व0 माखन लाल चौरसिया के अनुसार उनकी महाराजा पुरम मे कृष्णा जनरल स्टोर नाम से दुकान दुकान है ।बीते 28 फरवरी की रात वह दुकान बंद कर वह घर गए थे। उसी रात बेखौफ चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर गल्ले से 25 हजार रुपए चोरी कर फरार हो गऐ पड़ोसी दुकानदारों की सूचना पर पहुंचे दुकान दार ने कंट्रोल नंबर पर पुलिस को सूचना दे स्थानीय थाने पर शिकायत की है शिकायत पर पुलिस ने चोरी की धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर लिया है

## पति व ससुरालीजनों की प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने की थी आत्महत्या

### पिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र बीते माह एक विवाहिता ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी बेटी की मौत पर पीड़ित पिता ने पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने और आत्महत्या के उकसाने का आरोप लगा शिकायत की है पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई में जुटी है ।कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र के संजय गांधी मार्ग रोड आजाद नगर में रहने वाली विवाहिता अमृता पत्नी सदानंद प्रजापति ने बीते 18 फरवरी को अपने घर में फांसी लगा आत्महत्या कर ली थी मूलरूप से जनपद बरेली ग्राम व पो० सहतवार निवासी मृतका के पिता मदन मुरारी पुत्र स्व राम विलास वर्तमान मे 10/677 इन्दिरा नगर लखनऊ मे रहते हैपिता के मुताबिक उन्होंने अपनी पुत्री का विवाह वर्ष 2015 मे सदानन्द प्रजापति पुत्र वीरेन्द्र प्रजापति के साथ किया थो शादी के उपरान्त ही उनकी पुत्री को कम दहेज लाने के लिए पति सदानन्द समेत ससुर वीरेन्द्र प्रजापति सास राजकुमारी एवं उनके दोनों बेटे पुनीत व दुर्गेश कुमार शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करते रहते था और पांच लाख रुपए की मांग कर रहे थे ससुराल के व्यवहार को लेकर उनकी पुत्री ने कई बार मायके आकर बताया भी था इस बीच उनकी पुत्री ने दो बच्चो को जन्म भी दिया जिसमे एक पांच वर्ष की पुत्री और एक पांच माह का बेटा है पुत्री पैदा करने की बात को भी लेकर उनके पुत्री को प्रताड़ित किया जाता थो पिता का आरोप है कि पति एवं ससुराल वालो की लगातार प्रताड़ना एवं मारपीट से उसकी पुत्री ने बुरी तरह से आहात हो फांसी का फंदा लगा आत्महत्या कर ली थी पिता की शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई में जुटी है

## प्रो. राजेंद्र प्रसाद को लंग इंडिया फाउंडेशन का लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद, निदेशक चिकित्सा शिक्षा और प्रोफेसर, रेस्पिरेटरी मेडिसिन, एराज लखनऊ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, एरा यूनिवर्सिटी लखनऊ, एमेरिटस प्रोफेसर-नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज (इंडिया) को पल्मोनरी मेडिसिन के क्षेत्र में उनकी असाधारण और सराहनीय सेवाओं के लिए उन्हें लंग इंडिया फाउंडेशन के लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार दिल्ली में रिवोल्यूशन इन एडवांस्ड लंग मैनेजमेंट सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया। डॉ. प्रसाद को नेशनल कॉलेज के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। चेस्ट फिजिशियन (भारत), इंडियन एसोसिएशन फॉर ब्रोंकोलॉजी, थोरैसिक एंडोस्कोपी सोसाइटी ऑफ इंडिया, इंडियन चेस्ट सोसाइटी, ट्यूबरकुलोसिस एसोसिएशन ऑफ इंडिया और इंडियन कॉलेज ऑफ एलर्जी, अस्थमा और एप्लाइड इम्यूनोलॉजी अवार्ड्स से भी वह सम्मानित किए जा चुके हैं। डॉ. प्रसाद वर्तमान में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) में मेडिकल कॉलेजों की भागीदारी के लिए राष्ट्रीय टास्क फोर्स के उपाध्यक्ष और यूपी क्षय रोग एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं। उन्हें भारत में पल्मोनरी मेडिसिन के क्षेत्र में सभी प्रमुख वैज्ञानिक निकायों के अध्यक्ष होने का अद्वितीय गौरव प्राप्त है। उन्होंने लगभग 200 शोधों का पर्यवेक्षण किया है, और 400 मूल लेख, समीक्षाएँ और पुस्तक अध्याय प्रकाशित किए हैं। उन्होंने 12 किताबें भी लिखीं, जिनमें एलर्जी और अस्थमा और क्लिनिकल एलर्जी पर दो किताबें, तपेदिक पर चार किताबें और फाइबर ऑप्टिक ब्रोंकोस्कोपी और मैनुअल ऑफ चेस्ट एक्स-रे पर एटलस भी शामिल हैं। वर्ष 2022 में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय ने उन्हें पिछले वर्ष की रैंकिंग के साथ-साथ कैरियर की लंबी रैंकिंग में शीर्ष 2% वैज्ञानिकों में स्थान दिया।

प्रोफेसर प्रसाद 70 से अधिक पुरस्कारों से नवाजे जा चुके हैं, जिनमें डॉ. बी.सी. रॉय राष्ट्रीय पुरस्कार, उत्तर प्रदेश सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद का विज्ञान गौरव पुरस्कार, इंडियन कॉलेज ऑफ एलर्जी, अस्थमा और एप्लाइड इम्यूनोलॉजी का डी.एन.शिवपुरी ओरेशन पुरस्कार शामिल हैं। इसके अलावा, ओ.ए.सरमा ओरेशन अवार्ड, एम. संतोषम ओरेशन अवार्ड, डॉ. रेड्डीज लंग कैंसर ओरेशन अवार्ड, प्रो. रमन विश्वनाथन मेमोरियल चेस्ट ओरेशन अवार्ड, ट्यूबरकुलोसिस एसोसिएशन ऑफ इंडिया का टीएआई ओरेशन अवार्ड, नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज (इंडिया) का डॉ. आरवी राजम अकादमिक ओरेशन अवार्ड भारत में पल्मोनरी मेडिसिन को विकसित करने और लोकप्रिय बनाने के लिए प्रदान किया गया है।

## जीनियस मांटेसरी स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने सजाया राम दरबार

अमन लेखनी समाचार/अमित मिश्रा

मोहनलालगंज। हुलासखेड़ा गांव में स्थित जीनियस मांटेसरी स्कूल के वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओ द्वारा कार्यक्रमो की दी गयी प्रस्तुतिया राम लला के उत्साह में डूबी थीं। अयोध्या, रामलला और सम्पूर्ण राम लीला के मंचन के साथ मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु राम के आदर्शों को भी छात्र-छात्राओं ने अपनी कलात्मक सृजनात्मकता के साथ उकेरा ।साथ ही कार्यक्रम के समापन पर स्कूल के मेधावी व उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मान किया गया।

ह्लराम आएंगे थीम पर मानसी मिश्रा व मोहिनी सिंह के निर्देशन में बच्चों ने राम आएंगे तो अंगना सजाउंगी.. गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। त्रेता युग में प्रभु राम की अयोध्या वापसी जैसी खुशियां वर्तमान में दोहरा रही हैं। भक्ति रस के गीत-संगीत में भाव-भंगिमाओं और नृत्य संयोजन ने प्रस्तुतियों को आकर्षक बना दिया। आध्यात्मिकता ने भरी पेशकश दर्शकों को बांधने में कामयाब रहीं। राम के आने की कल्पना मात्र से ऊर्जा का प्रसार, आनंद की अनुभूति, सुख की प्राप्ति, समृद्धि, उन्नति, प्रगति.. को बच्चों ने अपनी अभिनय क्षमता से बखूबी पेश किया। जहां मयार्दा है वहां राम है। रामभक्त बनने की पहली शर्त मर्यादित होना है। कुछ इस तरह के प्रेरणादायक संदेश देने वाली प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अतिरिक्त नमो शंकरा, मेरे घर राम आएंगे, सबके राम, फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी, बोलो तारा रा..रा.., मैं निकला गड्डी ले के.. जैसी प्रस्तुतियों ने वार्षिकोत्सव में विविधता के रंग भरे ।स्कूल के प्रबंधक समर सिंह ने पूर्व शिक्षको समेत 20वरिष्ठ नागरिको को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।इस मौके पर अध्यक्ष राजाराम पाल, चेयरमैन प्रतिनिधि अजय पांडे, वरिष्ठ समाजसेवी विजयचन्द्र तिवारी, मनीष पांडेय, पूर्व प्रधानाचार्य आरसी त्रिपाठी, पत्रकार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललित दीक्षित व महामंत्री अखिलेश द्विवेदी, अश्वनी मिश्रा सहित सभी शिक्षक व अभिभावक व बच्चे मौजूद रहें।

## संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी के फंदे से लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। बिजनौर इलाके में गुरुवार रात एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान गवां दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बिजनौर के सरवन नगर निवासी मोहम्मद सगीर के बेटे नूर मोहम्मद के मुताबिक उसका छोटा भाई मो. इरफान (22) आईटीआई करने के बाद नौकरी की तलाश कर रहा था। गुरुवार रात घर के सभी लोग खाना खाने के बाद अपने-अपने कमरे में सोने चले गए। शुक्रवार सुबह इरफान काफी देर तक सोकर नहीं उठा तो घर के लोग उसे जगाने पहुंचे। लेकिन कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। इस पर कई बार आवाज दी गई, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। बाद में खिड़की से झांक कर देखा तो इरफान पंखे के हुक से नायलॉन की रस्सी के सहारे लटका मिला। यह देख सभी के होश उड़ गए। परिवार में चीख पुकार मच गई। परिजनों ने आनन फानन दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा और अस्पताल ले गए। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मो. इरफान ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। मृतक इरफान दो भाई और तीन बहनों में सबसे छोटा था।

## पाँच करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाने वाला पहला राज्य बना उत्तर प्रदेश

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सम्पूर्ण भारत में उत्तर प्रदेश ने शीर्ष स्थान पर कायम रहते हुए नया कीर्तिमान पाँच करोड़ से भी अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का आंकड़ा पार किया है। पिछले एक वर्ष में यूपी में इस योजना के अंतर्गत 2.80 करोड़ से भी अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। यूपी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकताओं वाली इस योजना के क्रियान्वयन में बेहतरी का प्रयास निरंतर किया जा रहा है, जिसका परिणाम है कि यूपी इस योजना के क्रियान्वयन में देश के अग्रणी राज्यों में से एक है। योजना के क्रियान्वयन हेतु निर्धारित विभिन्न मापदंडों में यूपी देश भर में प्रथम स्थान पर है।

योजना के अंतर्गत सभी पात्र व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूरे देश में आयुष्मान भवः अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रदेश में 17 सितम्बर 2023 से अब तक पूर्व के पाँच वर्षों में बने 3.06 करोड़ के अतिरिक्त केवल आठ माह के अंतराल में 1.94 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं जो कि इस अभियान के अंतर्गत बनाए गए आयुष्मान कार्ड की संख्या के आधार पर सम्पूर्ण भारत में सर्वाधिक है।

वर्तमान में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पूरे प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों के वार्ड/नगर पंचायतों में विशेष कैंप आयोजित किया जा रहा है। इस संकल्प यात्रा की शुरूआत 15 नवम्बर 2023 से हुई थी एवं इस अभियान के अंतर्गत अब तक 59 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं।

सीईओ साचीस संगीता सिंह ने बताया कि पाँच करोड़ आयुष्मान कार्ड उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन कार्यरत स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज) की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह उपलब्धि केंद्र स्तर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के सतत सहयोग, राज्य के उच्चाधिकारियों के कुशल नेतृत्व व आयुष्मान भारत की टीम, जमीनी कार्यकर्ता, पंचायत सहायक, एएनएम, मेडिकल ऑफिसर, आशा एवं अन्य कार्यकताओं के संगठन और कार्य के प्रति समर्पण एवं प्रतिबद्धता का परिणाम है। इस उपलब्धि के साथ-साथ प्रतिदिन इस योजनान्तर्गत निःशुल्क उपचार पाने वाले मरीजों की संख्या में भी वृद्धि परिलक्षित हुई है। इस योजनान्तर्गत पूर्व में औसतन प्रतिदिन भर्ती मरीजों की संख्या दो हजार थी जो कि बढ़कर प्रतिदिन औसतन लगभग आठ हजार हो गई है।

प्रदेश में योजना के लाभार्थियों के उपचार हेतु 5000 से भी अधिक निजी एवं सरकारी अस्पतालों को सूचीबद्ध किया गया है। इन अस्पतालों में सामान्य बीमारियों से लेकर कैंसर, हृदय रोग, अंग प्रत्यारोपण जैसी गंभीर बीमारियों का भी उपचार संभव है।

इस योजना के अधीन, भविष्य में भी प्रदेश सतत प्रगतिशील रहेगा, एवं स्वास्थ्य सूचकांकों में उत्तरोत्तर सुधार के साथ गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

### एक नजर आंकड़ों पर :

प्रदेश में योजनाओं से आच्छादित कुल लाभार्थी परिवारों की संख्या झ्र 1,80,47,024

1. प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित कुल लाभार्थी परिवारों की संख्या - 1,31,23,662

मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान, उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड एवं अंत्योदय अन्न योजना - 49,23,362

2. प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना में आबद्ध कुल चिकित्सालयों की संख्या - 5,351

सरकारी चिकित्सालयः 2,795

नजी चिकित्सालयः 2,556

3. कुल उपचारित लाभार्थी की संख्याः 34,81,252

4. अब तक बनाये गए कुल आयुष्मान कार्डों की संख्या 5,00,17,920

भारत की जनसँख्या की दृष्टि से भारत में उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा राज्य है एवं भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना, अर्थात आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य के सफलतापूर्वक संचालन एवं योजनान्तर्गत लाभार्थियों हेतु स्वास्थ्य को उच्च स्तर पर ले जा कर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराये जाने हेतु प्रतिबद्ध है। इस योजना का उद्देश्य राज्य के अंतिम व्यक्ति तक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ एवं आसानी से उपलब्ध कराना है, जिसके अंतर्गत पात्र परिवार को प्रतिवर्ष पाँच लाख रुपए तक का निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जाता है। योजना के अंतर्गत, एन.एच.ए द्वारा लॉन्च की गयी आयुष्मान ऐप के माध्यम से अब कोई भी पात्र लाभार्थी स्वयं अपना कार्ड बना सकता है, जिसके लिए उसे गूगल प्ले स्टोर से आयुष्मान ऐप डाउनलोड करना होगा और मोबाइल पर इंस्टॉल करने के बाद बड़ी आसानी से अपना आयुष्मान कार्ड बना सकता है, जिसका परिणाम यह है कि लाभार्थी स्वयं अपना कार्ड बना रहे हैं जिससे आयुष्मान कार्ड संख्या प्रतिदिन बढ़ रही है।

## शिकायत के बाद भी बुजुर्ग किसान की नही हुयी सुनवाई

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।आम जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराने के लिए हर महीने तहसील व थाना दिवसो का आयोजन किया जा रहा है। इसके बाद भी पीड़ितों की शिकायतें दूर नहीं हो पा रही हैं। आला अधिकारी आदेश तो कर देते हैं, लेकिन न तो उनकी थाने में सुनवाई हो रही है और न ही तहसील में....?सा ही कुछ हुआ मोहनलालगंज के धनवारा गांव निवासी बुजुर्ग किसान माधव के साथ उसकी बेशकीमती जमीन कब्जे के इरादे से दबंगो ने खेत में लगी बॉस बल्लियां उखाड़ कर फेंक दी, पीड़ित किसान ने तहसील व थाना दिवस में शिकायत कर दबंगो पर कार्यवाही की मांग की लेकिन दोनो जगह शिकायत के बाद कार्यवाही तो दूर मौके पर कोई जांच करने नही पहुंचा, उल्टा हल्का दारोगा ने थाना दिवस की शिकायत ही ना मिलने की बात कहकर बुजुर्ग को फटकार कर चलता कर दिया ।जिसके बाद बुजुर्ग किसान की आंखो से आंसू छलक पड़े पीड़ित ने शुक्रवार को पूरे मामले की सीएम जनसुनवाई पोर्टल पर कर कार्यवाही की मांग की हैं ।मोहनलालगंज क्षेत्र के धनवारा गांव के रहने वाले बुजुर्ग किसान माधव ने बताया वो भूमि गाटा संख्या 1351ब में सहखातेदार है । इसी गाटे के सहखातेदार अजीत सिंह ने धारा 24 के अंतर्गत उक्त गाटे की पैमाइश करायी थी। न्यायालय के आदेश के बाद मेड़बन्दी भी करा दी गयी । माधव ने बताया कि कई बार पैमाइश होने के बाद दिनांक 29नवम्बर2023 को कानूनगो लेखपाल की टीम ने पुनः निशानदेही कराकर कब्जा दे दिया । हल्का कानूनगो ने बताया कि वादी को स्पॉट मेमो दे दिया गया । सहखातेदार अजीत सिंह ने उसी गाटे पर अपने हिस्से में पिलर गाड़ लिए दूसरी ओर बुजुर्ग किसान माधव ने अपने हिस्से में बांस बल्ली गाड़ ली। लेकिन दूसरे दिन गांव के तारक सिंह , भान प्रताप सिंह ,उदय प्रताप सिंह , सुजीत सिंह और सूरज सिंह ने बुजुर्ग के जमीन में लगी बांस बल्ली उखाड़ कर फेंक दिया ।बुजुर्गने बताया कि उक्त लोग गाली गलौज कर हंगामा करने लगे ।मौके पर 112 नम्बर पुलिस बुलाई गई । जहा दोनो पक्षो को थाने बुलाया गया ।वो कई दिनो थाने पहुँचे लेकिन दूसरे पक्ष से कोई नही आया । इस पर माधव ने तहसील दिवस में शिकायत की यहां भी सुनवाई नही हुई तो थाना दिवस में शिकायत दर्ज करायी । थाना दिवस में कहा गया तुम चलो पुलिस टीम शाम तक मौके पर आएगी ।एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी बुजुर्ग किसान की शिकायत का निस्तारण कर ?ने कोई नही पहुंचा। बुजुर्ग ने हल्का पुलिस से संपर्क किया तो दरोगा ललित सिंह ने थाना दिवस में शिकायत मिलने से इंकार कर दिया ओर उल्टा उसे ही फटकार कर चकता कर दिया ।जिसके बाद बुजुर्ग किसान की आंखो से आंसू निकल पड़े ओर वो भावुक मन से बोला तहसील व थाना दिवस सब बेमानी है कही कोई सुनवाई नही होती ।पीड़ित बुजुर्ग ने सीएम जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर जमीन कब्जाने वाले दबंगो पर कार्यवाही की मांग की हैं।

## 24 वें सदगुरु कबीर विशाल सत्संग समारोह का आयोजन

अमन लेखनी समाचार


सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर के बसंत खेड़ा स्थित संत कबीर अध्यात्म संस्थान में शनिवार 2 मार्च से 24वें सदगुरु कबीर विशाल सत्संग समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजिका और संस्थान की अध्यक्षा साध्वी राजेश्वरी साहब ने दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम विश्व शांति के प्रेरक संत सदगुरु कबीर के विचारों को आम जनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू किया जा रहा है जो संस्थान की ओर से प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस बार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के उन्नाव सांसद सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज होंगे। कार्यक्रम में कबीर के मूल उद्देश्यों से लोगों को परिचित कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 2 मार्च को सुबह 8 बजे किया जाएगा, जो दोपहर 12बजे तक चलेगा। इसके बाद अपराह्न 3 बजे से शाम 7 बजे तक सत्संग और भजन होगा। जबकि कार्यक्रम का समापन 3 मार्च को आरती पूजन और विशाल भंडारे के साथ होगा। उन्होंने बताया कि इस सत्संग में गुजरात के वेद अलंकार रामसाहेब जी और हरदोई के संत ज्ञान साहब जी अपनी अमृतवाणी से लोगों को अभिभूत करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम में पहुंचने वाले लोगों के लिए कमेटी द्वारा व्यापक व्यवस्था भी की गई है।

## अज्ञात वोल्वो बस ने बाइक में मारी टक्कर, युवक की हालत नाजुक

मोहनलालगंज। डेहवा गांव निवासी विजय विक्रम शाही ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया शुक्रवार की सुबह नौ बजे के करीब उसका छोटा भाई मुकेश विक्रम शाही घर से बैंक पर ड्यूटी जाने के लिये अपनी बाइक से निकला था तभी गांव के पास ही तेज रफ्तार अज्ञात वोल्वो बस ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, दुर्घटना में भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया। वोल्वो समेत चालक मौके से भाग निकला ।सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर गम्भीर हालत में भाई को इलाज के लिये सीएचसी लेकर गये, जहां डाक्टर ने हालत गम्भीर देखते हुये एपेक्स ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया ।जहां उसकी हालत गम्भीर बनी हुयी हैं ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात वोल्वो बस व चालक के विरूद्व मुकदमा दर्ज कर वाहन की तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

## वीरबहादुर सिंह सपा के प्रदेश सचिव बनाए गए

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश कार्यकारिणी में सपा के वरिष्ठ नेता वीरबहादुर सिंह को समाजवादी पार्टी का प्रदेश सचिव बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने बताया कि वीरबहादुर सिंह को प्रदेश की कार्यकारिणी में सचिव पद की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं दूसरी ओर नई जिम्मेदारी मिलने के बाद वीरबहादुर सिंह ने कहा कि वह सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व सपा के सिद्धांतों नीतियों विचारों व उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे और संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ बूथ स्तरीय अभियान चलाकर लोगों को पार्टी से जोड़ेंगें। वहीं वीरबहादुर सिंह के मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, पूर्व सांसद सुशीला सरोज, समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, एमएलसी अरविंद सिंह, पूर्व मंत्री एवं लोकसभा प्रत्याशी आरके चौधरी, प्रदेश सचिव महताब सिंह यादव, प्रदेश सचिव प्रदीप सिंह बब्बू, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, केकेसी के पूर्व अध्यक्ष अमरपाल सिंह, सपा जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत, महासचिव मोहम्मद शब्बीर अहमद खान, महिला सभा जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव, निवर्तमान जिला सचिव सरोज यादव, नवनीत सिंह, अजय सिंह, अरुणेश प्रताप सिंह दल्लू तथा समाजसेवी नवीन वर्मा समेत तमाम समाजवादी पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने नव नियुक्त प्रदेश सचिव को फूल मालाओं से स्वागत कर बधाई दी।

## संक्षेप

### संदिग्ध हालत में मजदूर का फंदे से लटका मिला शव

उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के चक हनुमान गांव के पास बिजली के खंभे पर सुबह संदिग्ध हालत में मजदूर का फंदे पर शव लटका मिला। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सीतापुर थाना तालगांव के सुल्तानपुर गांव का रहने वाला उन्नीस वर्षीय सनी अपने पिता राम चंद्र के साथ रहकर बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में निमार्णाधीन गंगा एक्सप्रेसवे पर मजदूरी का कार्य करता था। गुरुवार को चक हनुमान गांव के निकट गंगा एक्सप्रेस वे के नजदीकी बिजली खंभे पर फंदे के सहारे सनी का शव लटका मिला। घटना के बाद मौके पर पहुंचे पिता रामचंद्र बदहवास हो गए तथा बेटे के शव को देख वह रोने पर विवश हुए। घटना की सूचना पर बेहटा मुजावर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की है। घटना को लेकर चचाएं है कि किसी बात को लेकर पिता पुत्र में कुछ अनबन हो गई थी। पिता की डांट से नाराज होकर उसने घटना को अंजाम दे डाला है।

### अनियंत्रित होकर पलटी डीसीएम चालक परिचालक घायल

औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे की सर्विस लाइन पर नासिक से सीतापुर जा रहे डीसीएम में चालक व परिचालक अभिषेक पिता रामसागर 19 वर्ष पता बर्गधिया थाना कमलापुर जनपद सीतापुरव रिजवान 24 वर्षपुत्र सलीम निवासी बिसवा थाना बिसवा जनपद सीतापुर ये दोनों अभी औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़ादेव तोंदा के समीप पहुंचे ही थे भोर पहर ड्राइवर को नींद आ गई जिससे डीसीएम अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती गया जहां से अभिषेक का पैर फ्रैक्चर हो जाने से ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया परिचालक का उपचार किया जा रहा है डीसीएम में अंगूर लदे थे।

### साइकिल सवार छात्राओं को बाइक सवार ने मारी टक्कर, दोनो घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। कोचिंग पढ़कर घर लौट रही दो छात्राओं की साइकिल को एक अनियंत्रित बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें दोनों साइकिल सवार छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गई जिन्हें बांगरमऊ स्थित सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के ग्राम दशहरी निवासी स्वाती 15 पुत्री राजेंद्र कुमार और रंजीत खेड़ा निवासी नेहा 15 पुत्री रामस्वरूप आज शाम हफीजाबाद गाँव में स्थित एक कोचिंग सेंटर से पढ़ कर वापस साइकिल से अपने घर लौट रही थी। तभी संपर्क मार्ग पर नगहरी गांव के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवार ने उन दोनों की साइकिल मे जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें दोनों साइकिल सवार छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें राहगीरों द्वारा एंबुलेंस से बांगरमऊ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# युवा चौपाल अभियान का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। भारतीय जनता युवा मोर्चा, द्वारा चलाये जा रहे युवा चौपाल अभियान के अन्तर्गत युवा मोर्चा के पूर्व नगर अध्यक्ष एवं युवा भाजपा नेता विनय सिंह के संयोजन मे शेखपुर मे युवा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि एवं वक्ता के नाते जनपद के सांसद डॉ. साक्षी महाराज का रहना हुआ। सांसद साक्षी महाराज ने चौपाल मे उपस्थित प्रबुद्धजनों एवं युवाओं को संबोधित करते हुये कहा कि भारत युवाओं का देश है और पूरे विश्व मे भारत ही ऐसा देश है जहां युवाओं की संख्या सबसे अधिक है। और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के युवाओं को ही सबसे ज्यादा शक्ति देना चाहते है। क्योंकि वह जानते है कि देश युवा ही वह शक्ति है जिसमे सबसे ज्यादा राष्ट्रवाद की भावना होती है। उन्होने कहा कि भारत देश मे तमाम ऐसे युवाओं ने जन्म लिया है जिन्होने देश को अंग्रजो की पराधिनता से मुक्ति दिलाने के लिये हंसते हंसते फांसी के फंदे को भी चूम लिया। सरदार भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव, राम प्रसाद बिस्मिल और पंडित चन्द्रशेखर आजाद ऐसे युवा थे जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। इसलिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार देश मे हो रहे 18वीं लोकसभा चुनावों को भी युवाओं को समर्पित कर दिया है। उन्होंने कहा कि आज भारत देश का युवा पूरे विश्व का नेतृत्व कर रहा है। इसलिये केन्द्र मे तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी सरकार बनाने की जिम्मेदारी भी देश के युवाओं के कन्धों पर ही है।पूर्व नगर अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक विनय सिंह ने चौपाल मे उपस्थित युवाओं से अपील करते हुये कहा कि उन्नाव के युवाओं ने 2019 के लोकसभा चुनाव मे सांसद साक्षी महाराज को 4 लाख से वोटों से विजय दिलाकर केन्द्र मे दूसरी बारी नरेंद्र मोदी की सरकार बनायी थी। और इस बार भी 2024 के लोकसभा चुनावों मे उन्नाव का युवा डॉ.साक्षी महाराज को 5 लाख से भी अधिक वोंटो से विजय दिलाकर केन्द्र मे तीसरी बार नरेन्द्र मोदी की सरकार ने बनाने के लिये तैयार है। ताकि 2047 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपनो को पूरा किया जा सके।युवा मोर्चा जिला महामंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि विगत दस वर्षो मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने समाज के प्रत्येक वर्ग का उत्थान करने का कार्य किया है। जिसमे सबसे ज्यादा कार्य युवाओ के जीवन स्तर को ऊपर उठाने और उनको स्वावलंबी बनाने के लिये किये गये है। आज पूरे देश मे युवाओं की बेहतर शिक्षा के लिये 90 से अधिक विश्वविद्यालय, 07 आई.आई.एम., 07 आई.टी., 15 एम्स और 225 से अधिक मेडिकल कालेजों की स्थापना की गयी है। जिसमे से अकेले उत्तर प्रदेश मे ही 3 विश्वविद्यालय, गोरखपुर और रायबरेली मे एम्स तथा पूरे उत्तर प्रदेश मे 65 से अधिक मेडिकल कालेजों का निर्माण हुआ है और 22 मेडिकल कालेज निमार्णाधीन अवस्था मे है। चौपाल मे मुख्य रूप से युवा मोर्चा जिला महामंत्री उदय प्रताप सिंह, लोकसभा विस्तारक अमित सिंह, मण्डल उपाध्यक्ष सुशील रावत, मयंक दीक्षित, इकबाल शंकर शुक्ला, आशादीन अवस्थी, आकर्षण गौतम, जितेन्द्र शुक्ला, बूथ अध्यक्ष अनुराग सचान सहित सैकड़ो की संख्या मे प्रबुद्धजन और युवा साथी उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओ ने की मासिक बैठक

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। विकास खण्ड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन की आयोजित बैठक में पेंशन और आवारा पशुओं का मुद्दा छाया रहा। बैठक में पहुंचे जिला अध्यक्ष किरन पटेल ने उनकी समस्याओं को जनपद मुख्यालय पर बैठे अधिकारियों से हल कराने का आश्वासन दिया।

स्थानीय विकास खण्ड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक बैठक आयोजित की गई।ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र कुमार प्रजापति ने बृद्धावस्था,विकलांग,विधवा पेंशन अकारण रोके जाने का मामला उठाया।तहसील अध्यक्ष रामचन्द्र यादव ने कहा कि किसान आवारा पशुओं से इस कदर परेशान है कि वह रात रात भर जाग कर फसलों की रखवाली करने को मजबूर है।वही उनके हमले से जान पर भी बन आती है।अनूप कुमार ने गुरुधरी गांव में पेयजल की समस्या रखी।वही घर के मुखिया से प्रथक हुए परिवारों का राशन कार्ड बनाये जाने तथा कार्डो में यूनिट शामिल करने की समस्या से अवगत कराया गया।बैठक में पहुंचे संगठन के जिला अध्यक्ष किरन पटेल ने उनकी समस्याएं सुनी और समाज कल्याण अधिकारी को फोन कर पेंशन के मामले को हल करने को कहा।उन्होंने अन्य समस्याओं को मुख्यालय पर बैठे अधिकारियों से हल कराने का आश्वासन दिया।इसके पूर्व रामप्रताप यादव, रामचन्द्र,राजेन्द्र कुमार, जगदीश, मोहनलाल,सरवन,शैलेश आदि ने जिला अध्यक्ष किरन पटेल का स्वागत किया।

# नेशनल हाईवे पर सफर हुआ महंगा, अब यहां भी देना पड़ेगा टोल टैक्स

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। लालगंज नेशनल हाईवे 31 पर स्थित अकवाबाद टोल प्लाजा का संचालन शुक्रवार से शुरू हो गया है। कुल तैयार हुई 16 लेन में से कुछ लेन का संचालन हो रहा है उन्नाव से लालगंज नेशनल हाईवे 31 पर स्थित अकवाबाद टोल प्लाजा का संचालन शुक्रवार से शुरू हो गया है। कुल तैयार हुई 16 लेन में से कुछ लेन का संचालन हो रहा है। दो पहिया वाहनों के लिए दोनों साइड किनारे की ओर रास्ता बनाया गया है। राजमार्ग पर टोल शुरू होने के बाद गाड़ियों से लोकल की एरिया के निकलने वाले लोग इधर-उधर की रास्ता तलाशने लगे, क्योंकि उनकी गाडियों में न तो फास्टैग लगा है और न ही टोल के जिम्मेदारों द्वारा लोकल की गाड़ियों को निकालने के लिए कोई सुविधा उपलब्ध कराई गई जिससे लोकल निवासियों को चार पहिया गाड़ी रखना अब महंगा पड़ता नजर आ रहा है।



# युवती का पेड़ से लटकता मिला शव, परिजनों ने हत्या का आरोप लगा, काटा हंगामा

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव में रहने वाली युवती सुबह शौच क्रिया के लिए गई और वापस नहीं लौटी। काफी देर बाद परिजनो ने उसकी तलाश शुरू की तो नीम के पेड़ से उसका शव लटकता मिला। पारिवारिकजनों ने हत्या कर शव लटकाए जाने का आरोप लगा हंगामा काटना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची सीओ, तहसीलदार ने मामले की जांच पड़ताल की और परिजनों से वार्ता कर मामला शांत कराया है। युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वही फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल कर साक्ष्य एकत्र किए है पुलिस कई बिंदुओं पर गहनता से जांच पड़ताल कर रही है।



जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के त्रिपुरारपुर गांव के रहने वाले नन्हकू की 20 वर्षीय बेटी सुमित्रा शुक्रवार को शौच क्रिया के लिए निकली थी। काफी देर तक वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। गांव से करीब पांच सौ मीटर दूर एक नीम के पेड़ से उसका शव लटकता देख पारिवारिकजन में कोहराम मच गया। शव लटकने की सूचना थाना पुलिस को हुई तो क्षेत्राधिकारी पुरवा सोनम सिंह, तहसीलदार इंस्पेक्टर कुमार बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के पहुंचते ही परिजनों ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी की हत्या कर लटकाया गया है और हंगामा करने लगे। मौजूद पुलिस अधिकारियों ने परिजनों से वार्ता कर किसी तरह मामले को शांत कराया और युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना की गहनता से जांच पड़ताल के लिए फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया और उसने कई बिंदुओं पर जांच पड़ताल की है। मौत की सूचना पर ग्रामीणों की भिड़ एकत्र हो गई इस दौरान चर्चा रही कि गांव के ही एक युवक से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसको लेकर यह कदम उठाया है फिलहाल पुलिस कहीं बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है।

# प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सुनिश्चित राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु प्रभारी जनपद न्यायाधीश अल्पना सक्सेना ने जनपद न्यायालय परिसर,से एल०ई०डी० प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ, के निदेशों के अनुपालन में दिनांक- 09.03.2024 को सुनिश्चित राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिएअपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव मनीष निगम ने बताया कि उक्त प्रचार वाहन जनपद न्यायालय परिसर से बड़ा चौराहा होते हुए, शहर के प्रमुख मार्गों से होकर सार्वजानिक स्थलों से होते हुए तहसीलों,रेलवे स्टेशन,बस अड्डा तक जाकर राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करेगा। इस अवसर पर जिला न्यायालय के समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण, अधिवक्तागण, पुलिसकर्मी, पराविधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहें।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम नसिरापुर स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में ₹हमारा आंगन, हमारे बच्चे₹ कार्यक्रम अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में प्राइमरी स्कूल के निपुण बच्चों एवं आंगनवाड़ी बाल वाटिका के बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह पटेल ने अभिभावकों को जागरूक करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें। क्योंकि प्रदेश सरकार बच्चों को बुनियादी स्तर पर शिक्षा प्रदान करने हेतु जोर दे रही है। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राम सिंह कनौजिया ने कहा कि वही आंगन अच्छा है, जिसमें बच्चों की किलकारी हो और खेल-खेल में बच्चे शिक्षा ग्रहण करें। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी स्नेहलता ,एआरपी रमेश चंद्र, अखिलेश कनौजिया, अमित पटेल, वंदना पाल, छत्रपाल, रजनीश कटियार, सुधीर यादव, देवेन्द्र प्रताप सिंह,ठाकुर प्रसाद,अजय पाल,संदीप कुमार, सुभाष चन्द्र,कमलेश कुमार ,विमलेंदु सिंह ,विनीता रानी,गंगा प्रसाद, इरशाद,संजय कुमार व खेमराज यादव,अजय सिंह, आशाराम,धीरज यादव आदि शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी सहित आंगनवाड़ी कार्यकत्री और अभिभावक मौजूद रहे।



# मंदिर के पास शौच क्रिया को मना करना एक समुदाय को पड़ा महंगा की मारपीट

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के कुरौली गांव में मंदिर के पास शौच कर रहे बच्चे को मना करने पर एक समुदाय ने मारपीट कर दी । पुलिस ने दोनो पक्षों का मेडिकल कराया जहा डॉक्टर ने तीन लोगो की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दियाकुरौली गांव निवासी शिव मूरत शर्मा, पड़ोस के रहने वाले, हामिद 18 वर्ष , कैसर जहा 22 वर्ष की दो वर्ष की बेटी शुक्रवार को सुबह मंदिर के पास शौच क्रिया करने लगी ,तभी पड़ोसी राम मूरत ने मना किया तो मुस्लिम पक्ष की महिलाए आकर गाली गलौज करने लगी तभी राम मूरत, पत्नी गायत्री, बेटी पूजा, सहित छन्नु गाली गलौज का विरोध किया तो मुस्लिम पक्ष की महिलाए एकजुट होकर मारपीट करने लगी अन्य पड़ोसी ने बीच बचाव कराया, घायलों को पुलिस सीएचसी लेकर गई जहा पर, हामिद, व दूसरे पक्ष से गायत्री, पूजा की हालत गंभीर देख डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।मामला विशेष समुदाय होने के नाते हिंदू संगठन ठाकुर लिटिल सिंह, राहुल पंडित, मिलन पांडे, आदि लोगों ने कोतवाली में जाकर मामले की जानकारी लेकर उचित कार्रवाई करने की बात कहीकोतवाली प्रभारी चंद्र कांत मिश्रा ने बताया कि मंदिर के पास शौच क्रिया मना करने पर दो पक्ष में विवाद हुआ है दोनों पक्षों को थाने में लाया गया था जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया जहा जहा डॉक्टर ने तीन को जिला अस्पताल रेफर किया है है,मारपीट की धाराओं ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# डिजीटल सिग्नेचर मिलने पर दी जाएगी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया है कि राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (राज्य इकाई), लखनऊ द्वारा दशमोत्तर छात्रवृत्ति/ शुल्कप्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12) तथा कक्षा 11-12 से इतर अन्य दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के डाटा के परीक्षणोपरान्त संदेहास्पद डाटा को डिजीटल सिग्नेचर से लॉक अथवा रिजेक्ट करने हेतु अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की लॉगिन पर उपलब्ध कराया गया है।तद्क्रम में जनपद की समस्त दशमोत्तर तकनीकी शिक्षण संस्थान/चिकित्सा शिक्षा संस्थान/महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्कप्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12) तथा कक्षा 11-12 से इतर अन्य दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्र/छात्राओं का संदेहास्पद डाटा डाटा का परीक्षण अपने स्तर से कर संदेहास्पद कारण के मय साक्ष्य/अभिलेखों सहित प्रत्येक दशा में दिनांक 05-03-2024 सायं 05 बजे तक (अविलम्ब) तक जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी उन्नाव के कार्यालय कक्ष संख्या-64 में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ताकि संदेहास्पद डाटा को डिजीटल सिग्नेचर से लॉक किया जा सकें। संस्था द्वारा संदेहास्पद डाटा का आवेदन पत्र मय साक्ष्य के साथ कार्यालय में उपलब्ध न होने की दशा में निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं संस्था का होगा।

# तेज रफ्तार अज्ञात कार ने कावड़ियो को मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ कानपुर नेशनल हाईवे पर नवाबगंज के पास बीती रात एक तेज रफ्तार कार ने कावड़ियो को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने से एक की मौत हो गई वही दो कावड़ी गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे सी एच सी नवाबगंज से जिला अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव निवासी संतोष कुमार 45 वर्ष पुत्र कल्लू थाना हसनगंज क्षेत्र के सलेमपुर गौरी गांव निवासी मनीष पुत्र श्याम सागर तिवारी सिकंदरा निवासी धन्नालाल लोधेश्वर बाराबंकी कावड़ लेकर जा रहे थे अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नवाबगंज पक्षी बिहार के पास पहुंचे ही थे कि एक तेज रफ्तार कार ने तीनो को जोरदार टक्कर मार दी जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए एक्सीडेंट की सूचना कोतवाली पुलिस को मिलते ही मौके पर इंस्पेक्टर अवनीश सिंह ने तीनों कांवड़ियों को सामुदायिक स्वास्थ्य के नवाबगंज ले गए जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया वही मनीष और धन्नालाल की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल भेज दिया गया पुलिस ने घटना की जानकारी उनके परिजनो को दी कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि परिजनो की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## सुखा पेड़ काट रहे युवक रोकना महिला पड़ा भारी, मारपीट

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। सूखी लकड़ी के बंटवारे को लेकर पारिवारिक सदस्यों ने महिला को मारा पीटा मामला पुलिस की चौखट तक पहुंचो बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम उचवा मजरा पुरंदरपुर निवासीनी गुड्डन देवी पत्नी लालू प्रसाद के खेत में सुखी लकड़ी का पेड़ था परिवार के राम सजीवन ने जबरदस्ती काटने लगा जिसपर गुड्डन देवी ने रोका तो र विवाद हो गया विवाद में राम सजीवन व उसका पुत्र संतोष कुमार ने महिला को मारा पीटा महिला ने पुलिस डायल 112 नंबर कर पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंच कर पुलिस ने मामला शांत कराया जहां कि थाने में शिकायत दर्ज कराओ वहीं पीड़िता ने थाने में तहरीर दी व मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र आईजीआरएस के माध्यम से भेज कर न्याय की भी गुहार लगाई थाना प्रभारी मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# पानी की टंकी पर चढ़ी महिला ने ईओ पर लगाया अश्लीलता करने का आरोप, वीडियो वायरल

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी उन्नाव। टंकी से कूदकर जान देने के इरादे से अधिशाषी अधिकारी पर अश्लीलता का आरोप लगाते हुए एक महिला चढ़ी पानी की टंकी पर।सूचना पर पहुंची थाना पुलिस और परिवार के लोगों के काफी देर समझाने के बाद टंकी से महिला उतरी। थाना पुलिस ने उसे कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

आज सुबह से ही एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें फतेहपुर चौरासी अधिशाषी अधिकारी अरविंद सिंह पर एक महिला ने बदनीयती से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी के गांधीनगर निवासी पल्लवी नाम की महिला गुरुवार की देर शाम अचानक पानी की टंकी पर चढ़ गई और उसने नगर के अधिशासी अधिकारी के ऊपर बदनीयती से छेड़छाड़ करने के आरोप लगाते हुए अपनी जान दे देने की घोषणा कर दी। उसकी इस कार्यवाही से कोहराम मच गया और आसपास के लोगों ने दौड़कर उससे नीचे उतरने की प्रार्थना की। इसके बावजूद भी महिला नहीं मानी तो पुलिस को सूचना दी गई।पुलिस ने महिला के आरोपों पर आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया तब कहीं जाकर वह महिला टंकी से नीचे उतर कर आई और लोगों ने राहत के साथ ली। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि अमन लेखनी समाचार पत्र नहीं करता है।

# बिठूर घाट से गंगा जल लेकर रंग बिरंगी कावड़ लेकर पद यात्रा कर श्रद्धालु पहुंच रहे लोधेश्वर

अमन लेखनी समाचार/अभिषेक ठाकुर



परियर, उन्नाव। माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक चलने वाली कांवड़ यात्रा में श्रृद्धालु भक्त कंधे पर रंग बिरंगी परिधानों से सजी कांवड़ लेकर परियर बिठूर घाट से गंगा जल भर बाराबंकी स्थिति लोधेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक के लिए हजारों की संख्या में टोलियाँ निकल रही हैं। माना जाता है कि लोधेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों के द्वारा मांगी गई मनोकामना पूर्ण होने पर भक्त पैदल कांवड़ लेकर निकलते हैं और शिव जी पर जलाभिषेक कर करते हैं कांवड़ यात्रा के दौरान कड़े नियमों का पालन करना पडता है इस बार बडी तादाद में कन्नौज उरई जालौन कानपुर देहात हरदोई उन्नाव से हजारों शिवभक्तों की टोलियाँ गंगा स्नान के पश्चात घाट के पुरोहित के सानिध्य में कांवड़ में पवित्र गंगा जल रख कर गंतव्य के लिए निकलते हैं और तीसरे दिन यात्रा पूरी कर बाराबंकी स्थिति लोधेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव पर जलाभिषेक करते हैं।

## ट्रांसफर होने के बाद भी नहीं हुई रवानगी

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली में तैनात तीन दरोगा का एक माह पूर्व अलग अलग थानों में ट्रांसफर हुआ जिनमे अखिलेश मिश्र को आसीवन थाना, असलम खान को माखी थाना, कृष्ण मोहन को बागरमऊ ट्रांसफर हुआ।लेकिन एक माह बाद भी तीनो दरोगा की रवानगी नही हुई जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है कोतवाली प्रभारी चंद्र कांत मिश्र ने बताया कि तीन दिन पहले ही चार्ज लिया है। किन कारणों से रवानगी नही हुई इसकी जानकारी करवाते है ।

चिंतन

# नागरिकों की स्वतंत्रता के मामले में निर्णय शीघ्र हों

भा नागरिकों की स्वतंत्रता सर्वोपरि है, इसे हर हालत में अक्षुण्ण रखने की आवश्यकता है। एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद-21 का हवाला देते हुए नागरिक स्वतंत्रता से जुड़े मामले में शीघ्रता से निर्णय लेने की जरूरत बताई है। देश में नागरिकों की स्वतंत्रता हाल के वर्षों में बहस के केंद्र में रही हैं। कई बार सरकार व पुलिस तंत्र पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा न कर पाने या इसके उल्लंघन के आरोप लगे हैं। उच्चतम न्यायालय ने जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के संरक्षण से संबंधित अनुच्छेद 21 को संविधान की 'आत्मा' बताते हुए हाल ही में कहा है कि उसके सामने बम्बई उच्च न्यायालय के कई ऐसे मामले आए हैं, जिनमें जमानत या अग्रिम जमानत याचिकाओं पर शीघ्रता से फैसला नहीं किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने बंबई उच्च न्यायालय से कहा कि आपराधिक मामलों में क्षेत्राधिकार का इस्तेमाल करने वाले सभी न्यायाधीशों को जमानत/अग्रिम जमानत से संबंधित मामले पर यथाशीघ्र निर्णय लेने के लिए कहें। अनुच्छेद 21 भारतीय संविधान की आत्मा है, इसलिए 'किसी नागरिक की स्वतंत्रता से संबंधित मामले पर शीघ्रता से निर्णय न करना और किसी न किसी आधार पर मामले को टालना पक्षकार को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत उसके बहुमूल्य अधिकार से वंचित कर देगा। शीर्ष अदालत एक आरोपी की याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसने 30 मार्च, 2023 के बम्बई उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसके तहत उसकी जमानत याचिका का निस्तारण करते हुए उसे निचली अदालत के समक्ष ऐसी याचिका दायर करने की अनुमति दी गई थी। उच्च न्यायालय ने कहा था कि आरोपी लगभग साढ़े सात साल तक जेल में था और ऐसा प्रतीत होता है कि जमानत याचिका दायर करने से पहले, आरोपी ने इसी तरह की एक याचिका दायर की थी, जिसे अप्रैल 2022 में वापस ले लिया गया था। हमारे संविधान में स्वतंत्रता का अधिकार मूल अधिकारों में शामिल है। संविधान की धारा 19, 20, 21, और 22 नागरिकों को बोलने और अभिव्यक्ति की आज़ादी समेत छह तरह की आज़ादी देती हैं। नागरिक स्वतंत्रताएं नागरिकों को सरकारी अत्याचार से बचाती हैं। संविधान के अनुच्छेद 19 के मुताबिक, हर किसी को विचार और अभिव्यक्ति की आज़ादी का अधिकार है। जीवन और व्यक्तिगत आज़ादी के अधिकार किसी भी राष्ट्रीयता के लोगों पर लागू होते हैं। इसलिए जमानत को बिना वजह बहाने से लंबे समय तक नहीं टाला जा सकता है। देश में लाखों विचाराधीन मामले हैं। अलग अलग जांच एजेंसियों की कार्रवाई के चलते जमानत के लिए विचाराधीन मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। तीन नए नागरिक संहिता के लागू होने के बाद जमानत की स्थिति में कितना बदलावा आएगा यह पता नहीं, लेकिन पुलिस और दूसरी जांच एजेंसियों के ढीले तौर तरीके के चलते कई आरोपी जमानत के इंतजार में लंबे समय तक कस्टडी में कैद रहते को मजबूर होते हैं। कायदे से जब जांच एजेंसी के पास पुख्ता सबूत तैयार हो जाय, तभी आरोपी को हिरासत में लेना चाहिए। पूछताछ के लिए स्थाई हिरासत में ीखने की प्रवृति पर सुप्रीम अदालत को रोक लगानी चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने साफ कर दिया है कि सरकारी तंत्र की आलोचना को देशद्रोह नहीं कहा जा सकता है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सभी अधिकारों की जननी मानी जाती है। जमानत नहीं देने के अधिकार को तर्कसंगत बनाने की जरूरत है, ताकि नागरिकों की स्वतंत्रता का हनन ना हो।



रिपोर्ट
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# वेतन और रोजगार के मौके बढ़े

**दुनिया की कई विकसित व विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में रोजगार अवसरों में बड़ी कमी आई है, लेकिन भारत में दुनिया के अन्य देशों की तुलना में वेतन वृद्धि और रोजगार के मौके बढ़ने का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। 21 फरवरी को दुनिया के प्रसिद्ध ग्लोबल प्रोफेशनल सर्विस फर्म एओन ने अपनी सालाना सर्वे रिपोर्ट में कहा है कि वर्ष 2024 में एशिया-प्रशांत के अन्य सभी देशों के मुकाबले सबसे ज्यादा वेतन वृद्धि औसतन 9.5 प्रतिशत भारत में होगी। यह वृद्धि चीन की तुलना में डेढ़ गुना होगी। इस रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि भारत में फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस, इंजीनियरिंग, ऑटोमोटिव और लाइफ साइंसेज सेक्टर में सबसे ज्यादा वेतन बढ़ेगा।**

इ न दिनों प्रकाशित हो रही वैश्विक आर्थिक और रोजगार रिपोर्टों में यह कहा जा रहा है कि दुनिया इस समय वैश्विक मंदी के बीच रोजगार चुनौतियों का सामना कर रही है। दुनिया की कई विकसित व विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में रोजगार अवसरों में बड़ी कमी आई है, लेकिन भारत में दुनिया के अन्य देशों की तुलना में वेतन वृद्धि और रोजगार के मौके बढ़ने का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। 21 फरवरी को दुनिया के प्रसिद्ध ग्लोबल प्रोफेशनल सर्विस फर्म एओन ने अपनी सालाना सर्वे रिपोर्ट में कहा है कि वर्ष 2024 में एशिया-प्रशांत के अन्य सभी देशों के मुकाबले सबसे ज्यादा वेतन वृद्धि औसतन 9.5 प्रतिशत भारत में होगी। यह वृद्धि चीन की तुलना में लगभग डेढ़ गुना होगी। इस रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि भारत में फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस, इंजीनियरिंग, ऑटोमोटिव और लाइफ साइंसेज सेक्टर में सबसे ज्यादा वेतन बढ़ेगा।

गौरतलब है कि दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं जापान और ब्रिटेन की जीडीपी की वृद्धि दर ऋणात्मक हो गई है। जहां जापान की अर्थव्यवस्था मंदी की चपेट में आ चुकी है वहीं यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी संघर्ष कर रही है। जर्मनी ने हाल ही में जापान को पछाड़कर तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था का स्थान हासिल किया है। जर्मनी में महंगाई चरम पर है और विकास में ठहराव आ गया है। अमेरिका भी वैश्विक सुस्ती के खतरे में शामिल है। इस समय लाल सागर पर हो रहे हमलों तथा इजरायल और फिलिस्तीन युद्ध ने अमेरिकी कंपनियों के कारोबार को घटा दिया है। इस बीच दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश चीन भी तेज आर्थिक वृद्धि के दिनों से दूर हो गया है। इससे इन देशों में रोजगार के मौकों पर प्रतिकूल असर हुआ है। ऐसे में यह कोई छोटी बात नहीं है कि चिंताजनक वैश्विक रोजगार परिदृश्य के बीच भारत में बढ़ती हुई तेज अर्थव्यवस्था के कारण रोजगार-स्वरोजगार के मौके बढ़ रहे हैं। यह महत्वपूर्ण है कि अभी भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। उससे आगे अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान हैं। कुछ समय पहले तक माना जा रहा था कि भारत 2026 में जापान को पीछे कर दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, लेकिन अब भारत और जापान की अर्थव्यवस्था में बहुत थोड़ा अंतर रह गया है, इसलिए जापान की अर्थव्यवस्था से इसी साल 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था आगे निकल सकती है और चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था का ताज पहन सकती है। ऐसे में बढ़ती हुई भारतीय अर्थव्यवस्था में नए रोजगार मौके निर्मित होते हुए दिखाई दे रहे हैं।

यद्यपि वैश्विक मंदी के कारण दुनिया की छोटी-बड़ी कई अर्थव्यवस्थाओं में रोजगार के मौके कम हुए हैं, लेकिन कोविड-19 के बाद डिजिटल दौर के कारण देश और दुनिया के विभिन्न देशों में डिजिटल कौशल से सुसज्जित भारतीय युवाओं के लिए रोजगार के मौके बढ़े हैं। खासतौर से डिजिटल इकोनॉमी के तहत ई-कॉमर्स, बैंकिंग, मार्केटिंग, ट्रांजेक्शन, डेटा एनालिसिस, साइबर सिक्योरिटी, आईटी, टूरिज्म, रिटेल ट्रेड, हॉस्पिटेलिटी डेटा साइंस, कटेंट क्रिएशन, ब्लॉकचेन मेटावर्स,



नेटवर्किंग, रिलेशनशिप बिल्डिंग, डिजिटल लिटरेसी, इमोशनल इंटेलिजेंस ग्रोथ और क्रिटिकल थिंकिंग से जुड़े रोजगार अवसर भी तेजी से बढ़े हैं। नई स्टार्टअप्स से युवाओं के लिए लाखों रोजगार बन रहे हैं। देश की नई प्रतिभाशाली पीढ़ी के बल पर देश स्टार्टअप और सॉफ्टवेयर से लेकर स्पेस जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सामर्थ्यवान देश के रूप में उभर रहा है। भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और देश में स्टार्टअप्स की संख्या अब 1.25 लाख के आसपास पहुंच रही है। 'इनमें बड़ी संख्या में स्टार्टअप टियर 2 और टियर 3 शहरों में हैं। सरकार की कवायदों से युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के लिए निजी क्षेत्र के साथ सरकारी क्षेत्र में भी नए रोजगार अवसर बढ़े हैं। सरकार के द्वारा रोजगार बढ़ाने के लिए लागू की गई की विभिन्न योजनाओं पीएम ऋण योजना, पीएम स्वनिधि योजना, आत्मनिर्भर भारत योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मनरेगा आदि के तहत करोड़ों युवाओं की मुठ्ठियों में रोजगार के मौके बढ़ रहे हैं।

हाल ही में रोजगार मेले के तहत भर्ती किए गए 1 लाख से अधिक कर्मियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नियुक्ति-पत्र वितरित करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मौजूदा एनडीए सरकार ने पिछले 10 साल में पूर्ववर्ती यूपीए सरकार की तुलना में युवाओं को डेढ़ गुना ज्यादा नौकरियां दी हैं। यूपीए के कार्यकाल में कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) के माध्यम से 10 साल में 2,56,405 नियुक्तियां हुई थीं, जबकि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में 5,11,775 नियुक्तियां हुई हैं।' इसी तरह राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में बढ़ते श्रम बल के बीच बेरोजगारी दर घटी है। वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के दौरान शहरी बेरोजगारी दर घटकर 6.5 प्रतिशत रह गई है ।

देश में ही नहीं दुनिया के कोने-कोने में भारत की कौशल प्रशिक्षित नई पीढ़ी के लिए रोजगार के मौके बढ़ रहे हैं। अमेरिका में भारतीय और भारतीय मूल के पेशेवरों को स्टेम (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मेथेमेटिक्स), एआई और तेजी से विकसित हो रही अन्य तकनीकी क्षेत्रों में मौके बढ़े हैं। अमेरिका में इस वर्ष एआई और उभरते तकनीकी क्षेत्रों से जुड़ी कंपनियों में काम करने वाले भारतीयों की संख्या 36.5 प्रतिशत से ज्यादा होने का अनुमान लगाया गया है। पिछले साल यह लगभग 18 प्रतिशत थी। ज्ञातव्य है कि श्रमिकों की मोबिलिटी को लेकर भारत का जापान, आस्ट्रेलिया, फ्रांस समेत 13 देशों के साथ समझौता हो चुका है। इनमें से ज्यादातर देश आबादी के बूढ़े होने की समस्या से कौशल प्रशिक्षित नई पीढ़ी के श्रमिकों की भारी कमी का सामना कर रहे हैं।

ऐसे में नई पीढ़ी को देश और दुनिया में बढ़ती हुई रोजगार की नई संभावनाओं के मद्देनजर अब नई शिक्षा नीति से नई युवा आबादी को नए अवसरों को निर्मित करने वाली नई शक्ति के रूप में परिणत किया जाना होगा। कम्प्यूटर-आईटी दक्षता, कोडिंग स्किल्स, कम्युनिकेशन स्किल्स, आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों से भी सुसज्जित किया जाना होगा। देश के युवाओं को निर्धारित किए गए तकनीक क्षेत्रों में बड़ी संख्या में कौशल और प्रशिक्षण से सुसज्जित करके रोजगार की डगर पर आगे बढ़ाना होगा।

हम उम्मीद करें कि देश और दुनिया के बदलते हुए नए डिजिटल आर्थिक दौर में भारत की नई पीढ़ी अपने डिजिटल कौशल और अपनी प्रतिभा से रोजगार और स्वरोजगार के मौकों को अपनी मुठ्ठियों में लेते हुए आगामी तीन-चार वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक भारत को दुनिया का विकसित देश बनाने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई देगी।

सियासत
रुद्र अवस्थी

# लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की एक-एक (11) सीट क्यों अहम है बीजेपी के लिए ..?

छ त्तीसगढ़ में आपने भाजपा की सरकार बनाई है...। अब अगली बार भी देश में मोदी की सरकार बनानी है....। मोदी की गारंटी पत्थर की लकीर है....। मैं भी पक्का आदमी हूं.... आपसे 11 सीट का वादा लेकर जाऊंगा.'। ये बातें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जब छत्तीसगढ़ के जांजगीर शहर में एक आमसभा में कहीं तो इसके मायने समझे जा सकते हैं। छत्तीसगढ़ में जांजगीर से बीजेपी के लोकसभा चुनाव अभियान का आगाज करने पहुंचे अमित शाह ने जब यह बात कही तो इसका सीधा मतलब यही निकाला जा सकता है कि बीजेपी इस बार हिंदी पट्टी में एक-एक सीट पर पूरी ताकत लगाकर चुनाव मैदान में उतरने वाली है। 2019 के चुनाव में बीजेपी को हिंदी पट्टी में अच्छी कामयाबी मिली थी। वह इस बार न केवल अपने प्रदर्शन को बरकरार रखना चाहेगी । अलबत्ता उसमें और इजाफा करने की पूरी तैयारी कर रही है। इसीलिए बीजेपी इस बार छत्तीसगढ़ में उन दो सीटों पर भी जीत की पूरी तैयारी में है, जिन सीटों पर 2019 में उसे जीत हासिल नहीं हो सकी थी। फरवरी महीने की 22 तारीख को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के दौरे पर आए थे। उनके इस दौरे को बीजेपी के लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत की तरह देखा गया। अपने इस दौरे में उन्होंने जांजगीर में एक आम सभा को संबोधित किया। लोकसभा चुनाव के आगाज़ के लिए जांजगीर के हाई स्कूल मैदान का चयन करने के पीछे भी एक वजह मानी जा रही है। दरअसल यह जांजगीर लोकसभा सीट छत्तीसगढ़ की एकमात्र सीट है जो अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व है। इस लोकसभा सीट के साथ यह बात भी जुड़ी हुई है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में सिर्फ जांजगीर लोकसभा क्षेत्र का ही इलाका ऐसा था, जहां सभी की सभी आठ सीटों पर बीजेपी को हार का सामना करना पड़ा। विधानसभा चुनाव में इस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी विधानसभा सीटें कांग्रेस ने जीती। जिनमें जांजगीर - चांपा जिले की अकलतरा सीट से राघवेंद्र कुमार सिंह, जांजगीर/ चांपा सीट से व्यास कश्यप, सक्ती से डॉ. चरण दास महंत, चंद्रपुर से रामकुमार यादव, जैजैपुर से बालेश्वर साहू व पामगढ़ (एससी) सीट से शेषराज हरबंस और बलौदा बाजार जिले की बिलाईगढ़ (एससी) सीट से कविता प्राण लहरे व कसडोल सीट से संदीप साहू ने जीत हासिल की थी। एक लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभा सीटों पर मिली पराजय को देखते हुए छत्तीसगढ़ का यह हिस्सा बीजेपी के लिए अहम् हो गया है और शायद इस वज़ह से इस इलाक़े की ओर ख़ास तवज्जो दी जा रही है। वैसे बीजेपी ने पिछले विधानसभा चुनाव के समय भी इसी तरह की रणनीति पर काम किया था। 2018 के विधानसभा चुनाव में जिन सीटों पर पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था ,उन सीटों पर विधानसभा चुनाव के कई महीने पहले ही उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए थे। पार्टी के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर और संगठन की पूरी टीम इन विधानसभा क्षेत्रों पर अधिक ध्यान देती रही। बीजेपी को इसका लाभ भी मिला। समझा जा सकता है कि कुछ ऐसी ही रणनीति के मद्देनजर बीजेपी ने हाल के विधानसभा चुनाव नतीजे के बाद सबसे कमजोर समझे जाने वाले हिस्से से ही अपने लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत की है। बीजेपी की इस रणनीति का एक मतलब यह भी निकाला जा सकता है कि पार्टी इस बार उत्तर भारत में छत्तीसगढ़ सहित मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात में ज्यादातर सीटों पर अपनी जीत दर्ज करने की तैयारी में है। हालांकि छत्तीसगढ़ छोटा राज्य माना जाता है। जहां लोकसभा की 11 सीटें हैं। 2019 के पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 11 में से 9 सीटें मिली थी। बीजेपी ने उस समय भी सभी 11 सीटों पर नए चेहरे मैदान में उतारे थे। जिसमें उसे कामयाबी तो मिली। लेकिन पार्टी को लगता है कि जिन दो सीटों पर वह पिछली बार नहीं जीत सकी थी, उसे फिर से हासिल करना है। जिससे राष्ट्रीय स्तर पर नंबर गेम के दौरान कोई कमी ना रह जाए। इस रणनीति के तहत काम करते हुए भाजपा इस बार छत्तीसगढ़ की एक-एक सीट पर पूरी ताकत लगाने की तैयारी में दिखाई दे रही है। खबरें आ रही हैं कि भाजपा ने उत्तर छत्तीसगढ़ के पांच लोकसभा क्षेत्र बिलासपुर, जांजगीर, कोरबा, रायगढ़ और सरगुजा के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम करीब तय कर लिए हैं। उम्मीदवारों के नाम को लेकर पार्टी में मंथन का दौर चला और अब औपचारिकताएं पूरी करने के बाद जल्द ही उम्मीदवारों के नाम सामने आ सकते हैं। छत्तीसगढ़ में हाल के विधानसभा चुनाव के समय भी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खास दिलचस्पी ली थी। चुनाव के शुरुआती दौर में उनके छत्तीसगढ़ दौरे लगातार हुए। उम्मीदवारों के चयन से लेकर बाकी तैयारी पर भी उन्होंने पूरी नज़र रखी। अमित शाह ने ही मोदी की गारंटी के नाम से तैयार किया गया बीजेपी का घोषणा पत्र छत्तीसगढ़ के मतदाताओं के सामने रखा था। जाहिर सी बात है कि चुनाव नतीजे ने यह साबित किया कि मतदाताओं ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया और बीजेपी को जीत हासिल हुई। लोकसभा चुनाव की तैयारी का आगाज करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने एक बार फिर मोदी की गारंटी का जिक्र किया।

# श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह- एक नए युग का ऐतिहासिक शुभारम्भ

हिंदी दैनिक अमन लेखनी लखनऊ

22 जनवरी 2024 को, अयोध्या की प्राचीन नगरी में एकता, श्रद्धा, भक्ति और समरसता का अविस्मरणीय संगम देखा गया। जहां देश के प्रत्येक कोने से, भिन्न भिन्न पृष्ठभूमियों से, सहस्त्रों राम-भक्त भव्य राम मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बनने के लिए एकत्र हुए। श्री रामलला के आगमन के नाद से भारत वर्ष में ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण विश्व में एक नव उत्साह की लहर का संचार हुआ।

भारत के इतिहास में इस तरह का भव्य आयोजन कदाचित ही हुआ होगा, जिसमें सूक्ष्म स्तरीय योजना एवं वृहद स्तरीय समायोजन का अनोखा मेल देखने को मिला। अयोध्या में भारत और सनातन सभ्यता की प्रत्येक ध्वनि, प्रत्येक भावना और प्रत्येक परम्परा को प्रभु श्रीराम के छत्र में प्रतिछाया मिली। लक्षद्वीप और अंडमान के एकांत द्वीपों से लद्दाख के सुदूर पर्वतों तक, मिजोरम एवं नागभूमि के हरित वनों से लेकर मरुभूमि की रेत तक, भारत के 28 राज्य एवं 8 केंद्र शासित प्रदेश इस महा-आयोजन के साक्षी बने और भारत की सभी भाषाओं ने कहा की राम सभी के हैं।

सितम्बर, 2023 से ही निमंत्रितों की सूची बनाने से लेकर उनको बुलाने की व्यवस्था का चिंतन प्रारम्भ हो गया था सभी को निमंत्रण देने का क्रम डिजिटल पत्राचार से प्रारम्भ हुआ, जिसके बाद सभी निमंत्रितों को राष्ट्र के सुदूर क्षेत्रों में जाकर भी व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण दिए गए। अंततः सभी निमंत्रितों को एक व्यक्तिगत कोड दिया गया। कार्यक्रम का स्वरूप पूर्णतयाः धार्मिक, आध्यात्मिक और सामाजिक रखा गया। इस हेतु सभी राष्ट्रीय और प्रांतीय दालों के राष्ट्रीय अध्यक्षों और गृह प्रदेश के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त किसी केंद्रीय मंत्री अथवा मुख्यमंत्री को निमंत्रण नहीं दिया गया। उस दिन आमंत्रित विशिष्ठ अतिथियों में यह भी एक चर्चा का विषय था।

आमंत्रित महानुभावों में 10 रुपए से लेकर करोड़ों तक का दान करने वाले सभी दान-दाता वर्गों का प्रतिनिधित्व था, राष्ट्र और सनातन सभ्यता के विभिन्न उद्गम स्थलों से निकलने वाली 131 प्रमुख और 36 जनजातीय; नवीन एवं प्राचीन धार्मिक परम्पराओं का प्रतिनिधित्व था। इनमे सभी अखाड़े, कबीर पंथी, रैदासी, निरंकारी, नामधारी, निहंग, आर्य समाज, सिंधी, निम्बार्क, पारसी धर्मगुरु, बौद्ध, लिंगायत, रामकृष्ण मिशन, सत्राधिकर, जैन, बंजारा समाज, मैतेई , चकमा, गोरखा, खासी, रामनामी आदि प्रमुख परम्पराएँ सम्मिलित थी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन-जाति, घुमंतू समाज (ठङ्कें ळ्श्चि२) के प्रमुख जनों का भी प्रतिनिधित्व था। विभिन्न मत-पंथ जैसे इस्लाम, ईसाई, पारसी का भी यहाँ प्रतिनिधित्व था। 1949 में रामलला के पक्ष में निर्णय लेने वाले ज़िला न्यायाधीश श्री नय्यर के परिवार के साथ साथ तत्कालीन ऊ४३८ उङ्गल्ल२३ुी अब्दुल बरकत, जिन्होंने गवाही दी थी, उनके परिवार को भी आमंत्रित किया गया था। रामलला के विरुद्ध मुकदमा लड़ने वाले परिवार के साथ तत्कालीन



अधिकारियों के परिवारों को भी निमंत्रण दिया गया था। राम जन्मभूमि आंदोलन का नेतृत्व करने वाले और इस आंदोलन में बलिदान हुए भक्तों के परिवार के सदस्य, राम जन्मभूमि की न्यायिक प्रक्रिया में सहभागी अधिवक्ता-गण भी इस आयोजन में सम्मिलित हुए। भारत की माननीया राष्ट्रपति और माननीय उप-राष्ट्रपति जी के साथ पूर्व राष्ट्रपति एवं प्रधान-मंत्री भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित थे। भारत की सुरक्षा में तत्पर तीनों सेनाओं के सेवानिवृत्त सेनाध्यक्ष और परमवीर चक्र विजेता भी यहाँ थे और भारत को चंद्रमा तक ले जाने वाले इसरो के वैज्ञानिकों से लेकर भारतीय कोविड-वैक्सीन बनाने वाले वैज्ञानिक भी यहाँ थे। उच्चतम न्यायालय के तीन पूर्व मुख्य न्यायाधीश सहित अनेक पूर्व न्यायाधीश, सेवानिवृत्त प्रशासनिक पुलिस एवं अन्य अधिकारी, विभिन्न देशों में रहे भारत के राजदूतों से लेकर बुद्धिजीवी, शिक्षाविद, नोबेल पुरस्कार, भारत रत्न, पद्म विभूषण, पद्म भूषण, पद्म श्री और मैग्सेसे पुरस्कार के साथ साथ साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित महानुभाव भी सम्मिलित हुए। प्रख्यात अधिवक्ता, चिकित्सक, उअ, समाचार पत्रों और ळश चैनल्स के संचालक/सम्पादक, प्रख्यात सोशल-मीडिया इन्फ्लुएंसर आदि के साथ साथ देश के बड़े औद्योगिक परिवार भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। भारत के प्रमुख राज परिवारों के सदस्यों से लेकर अनेक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी; चित्रकारी, शिल्पकारी, गायन, लेखन-साहित्य, वादन, नृत्य कला आदि ललित कलाओं के कलाकार; हिंदी, कन्नड़, मलयालम, तमिल, तेलुगु, मराठी, गुजराती, बंगाली, ओडिया, असमिया, भोजपुरी, पंजाबी एवं हरियाणवी फि ल्म उद्योग की अनेक हस्तियाँ भी इस आयोजन में सम्मिलित हुईं। 53 देशों से आये 150 प्रतिनिधि भी इस समारोह में सम्मिलित हुए। मुख्य पूजा में 15 यजमान बैठे थे, जिनमे सभी जातियों-वर्गों (सिख, जैन, नवबौद्ध, निषाद समाज, वाल्मीकि समाज, जनजाति समाज, घुमंतू जातियाँ आदि) और भारत की सभी दिशाओं (उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम, उत्तर-पूर्व) से आए व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व था। इन सभी की मंच पर ही बैठने की व्यवस्था थी। देश का पोषण एवं विकास करने वाले किसान और मजदूर बंधुओं के साथ सहकारिता और ग्राहक संगठनों के प्रतिनिधि भी यहाँ उपस्थित थे। छ&ळ व टाटा समूह के अधिकारी, अभियंता और श्रमिक भी यहाँ उपस्थित थे। जिन श्रमिकों ने प्रभु श्री राम के मंदिर के निर्माण को आकार दिया, प्रधानमंत्री जी ने स्वयं उन पर पुष्प-वर्षा करके उनका अभिनंदन किया। संघ और विश्व हिंदू परिषद के अनेक प्रबंधक कार्यकताओं से लेकर संघ के पूजनीय सरसंघचालक माननीय श्री मोहन भागवत और भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। श्री रामलला प्रतिष्ठित हुए हैं तो सभी देवी-देवताओं ने भी उपस्थित होकर अपना आशीर्वाद अवश्य ही दिया होगा।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आग्रह पर जहां विश्व हिंदू परिषद के सैकड़ों कार्यकर्ता दिन-रात लगे थे, वहीं ट्रस्ट के ही आग्रह पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व अन्य कई स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों के अनेक कार्यकर्ता इस आयोजन की व्यवस्था में थे। उनके प्रबंधन के अनुभव का लाभ सूक्ष्म दृष्टि से व्यवस्था के चिंतन में हुआ। जिसका अनुभव वहाँ आए प्रत्येक रामभक्त को हो रहा था। चाहे स्वागत हो, चाहे बैटरी चालित वाहन, चाहे व्हील चेयर की व्यवस्था हो, चाहे पदवेश उतारने की व्यवस्था। सभी के जूते स्वयंसेवी संस्था के प्रमुख लोग अपने हाथों से उतार कर रख रहे थे और लौटने पर पहना भी रहे थे। लघुशंका यों के बाहर भी चप्पलों की व्यवस्था थी। सभी कुछ सूक्ष्म चिंतन करके तैयार किया गया था। अयोध्या के नागरिक और प्रशासन भी ट्रस्ट के साथ समन्वय करते हुए अयोध्या को संवारने में लग गए। अयोध्यावासी सामान्य-जन के लिए यह एक कौतूहल का विषय था कि कैसे 4 माह में अयोध्या नगरी का स्वरूप सहसा परिवर्तित हो गया। भक्त-जन, पूज्य साधु संत और अनेक महानुभावों की सुरक्षा भी एक महत्वपूर्ण विषय था, जो कि स्थानीय प्रशासन, पुलिस और अन्य सुरक्षा दलों के बिना सम्भव नहीं था। उत्तर प्रदेश और अयोध्या पुलिस के सहयोग पूर्ण, मित्रवत व्यवहार से सभी प्रभावित हुए। उसी का परिणाम था कि इतना बड़ा कार्य सरलता से निर्विघ्न व यशस्विता के साथ सम्पन्न हुआ। सभी के साथ प्रभु श्री राम का आशीर्वाद तो था ही।

तीन दिनों में अयोध्या में बिना किसी राजनैतिक या व्यावसायिक आयोजन के 71 निजी विमान गतिमान हुए। लखनऊ तथा अयोध्या के विमानतल एवं लखनऊ, अयोध्या, काशी, गोरखपुर, गोंडा, सुल्तानपुर, प्रयागराज आदि रेल-स्टेशनों पर केसरिया पटके के साथ स्वागत एवं यातायात की पूर्ण व्यवस्था की गयी। विभिन्न उपस्थित लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, सभी के लिए आवास व्यवस्था सावधानीपूर्वक तैयार की गई थी। टेंट सिटी, होटेल, आश्रम, धर्मशाला सहित कुछ विद्यालयों तथा 200 स्थानीय परिवारों में रुकने की व्यवस्था की गयी थी। सम्पूर्ण अयोध्या राम आएँगे गीत की ध्वनि से गुंजायमान थी। अयोध्या की गलियों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद देर रात्रि तक सभी ने लिया।

भारत का इतिहास साक्षी है कि यह स्वयं में ऐसा एक ही कार्यक्रम था जहां इस स्तर के व्यक्ति 4-5 घंटों तक सामान्य कुर्सियों पर बैठे। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री देवेगौड़ा जी वहाँ 4 घंटे व्हील-चेयर पर बैठे। ना तो वहाँ किसी के सहयोगी थे, ना ही सुरक्षाकर्मी। प्रसाद स्वरूप सभी को जल सेवा एवं जलपान अपनी कुर्सियों पर ही दिया गया। प्रभु श्री राम के घर में सभी जातियाँ, सभी वर्ग, सभी क्षेत्र, एक समान थे, एक साथ थे। सभी ने अपने औहदे, अपनी सामाजिक-आर्थिक महत्ता से ऊपर उठकर अयोध्या के सादगी-पूर्ण आतिथ्य को सहृदय स्वीकार किया।

भारत के हर नगर, हर गाँव में सभी प्रभु श्री राम के शुभागमन हेतु आतुर थे। सम्पूर्ण भारत का हर गाँव, हर मोहल्ला, हर मंदिर अयोध्या बन गया था। जो अयोध्या नहीं आ पाए, उन्होंने स्थानीय मंदिरों में पूजन किया, रात्रि में दीपोत्सव मनाया। सभी का मन एवं आत्मा उस दिन अयोध्या में ही थे। श्री रामलला के स्वागत हेतु अयोध्या नगरी एवं मंदिर परिसर को भी असंख्य क्विंटल पुष्पों से सुसज्जित किया गया, भारत के सभी प्रांतों के परम्परागत वाद्य-वादक, 30 से अधिक कलाकारों ने वातावरण को राम-गीतों से संगीतमय कर दिया और आरती के समय सहस्त्रों पीतल की घंटियों से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। रामलला के अवतरण के साथ ही, हेलिकॉप्टर द्वारा मंदिर परिसर पर की गयी पुष्प वर्षा से लग रहा था मानों सम्पूर्ण देवलोक प्रसन्ना होकर पुष्प-वर्षा कर रहा है। यह आयोजन एक समारोह मात्र के स्तर से ऊपर उठ गया था, यह एक दैवीय अनुभूति, एक आध्यात्मिक यात्रा में परिवर्तित हो चुका था। लोग भाव विभोर थे, वातावरण दिव्य लोक के समान एक अलौकिक आभा से आच्छादित हो गया। कुछ श्रद्धालुओं की आँखो में आँसू थे, कुछ नृत्य-लीन थे। कोई स्वर्ग की अनुभूति कर रहा था, कोई त्रेता युग की। सभी के लिए श्री राम पुनः लंका से अयोध्या लौट रहे थे। अगले दिन तो प्रातः 3 बजे से ही श्रद्धालुओं ने श्री रामलला के दर्शन हेतु पंक्ति-बद्ध होना प्रारम्भ कर दिया था। 23 जनवरी को लगभग 5 लाख लोगों ने उत्साह और पूर्ण अनुशासन के साथ श्री रामलला के दिव्य दर्शन किए।

अयोध्या के इस दैवी आयोजन ने जाति, वर्ग, भाषा, प्रांत, मत-पंथ की सीमाओं को पार करते हुए, परंपरा से ओत-प्रोत, फिर भी प्रगति को गले लगाते हुए, एक राष्ट्र की सामूहिक चेतना का जागरण किया। प्रभु श्री राम की चिर-विरासत का एक प्रमाण, जो विश्व भर में करोड़ों लोगों को प्रेरित और एकजुट करता है, यह आयोजन; एकता, अखंडता, समरसता और श्रद्धा के रामोत्सव के रूप में युगों-युगों तक जीवित रहेगा। अब समय आ गया है कि हम प्रभु श्रीराम का स्मरण कर, भारत को सुखी, संपन्न, स्वस्थ, समर्थ और सम्मानित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का संकल्प लें। भारत को विश्व-गुरु के रूप में स्थापित करें।

जय श्री राम !

लेखक
रामलाल
अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

## संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

पयागपुर, बहराइच। बहराइच गोंडा रेल प्रखंड पर शुक्रवार को एक अधेड़ ग्रामीण की ट्रेन से कटकर मौत हो गई।पुलिस ने पहचान के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।गोंडा बहराइच रेल प्रखंड पर शुक्रवार को पयागपुर थाना क्षेत्र के मधनगरा रेलवे स्टेशन के निकट एक ग्रामीण की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंच गई।पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मृतक की पहचान आसपास के लोगों से करवाई प्रभारी निरीक्षक कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि मृतक की पहचान ककरहा कुट्टी गांव निवासी जगवंते (55) स्वामी दयाल के रूप में हुई है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।उन्होंने बताया कि ट्रेन से कटकर मौत हुई है।आत्महत्या की है या अचानक कट गए, इसकी जानकारी नहीं हो सकी।

### रूपईडीहा में किड्स कराटे सेन्टर का हुआ उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर उमा शंकर वैश्य ने किड्स कराते & फिटनेस एकेडमी का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर डॉ वैश्य ने कहा बच्चों में शरीर एवं बुद्धि विकास के लिए व्यायाम बहुत ही आवश्यक है। माननीय मोदी द्वारा राष्ट्र हित में फिट इंडिया मूवमेंट का चलाया जा रहा है।इसका उद्देश्य आसीन जीवन शैली से लेकर दिन-प्रतिदिन के जीवन के शारीरिक रूप से सक्रिय तरीके से व्यवहार में परिवर्तन करना है।फिट इंडिया तभी सफल होगा जब वह जन आंदोलन बने।हमें उत्प्रेरक की भूमिका निभानी होगी।आगे कहा कि स्कूलों में पढ़ने वाले किशोर छात्र छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए जूडो कराटे सीखने हेतु किड्स कराते & फिटनेस एकेडमी द्वारा टंडन मिल रूपईडीहा में संचालित किया गया है। स्कूलों में छात्राओं को जूडो कराटे, पंच, किक और अन्य दांव सिखाने के लिए मास्टर ट्रेनर मोहम्मद आलमीन अंसारी ₹गुरु₹ ने बताया कि हमारे एकेडमी में विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को शरीर को स्वस्थ रखने के एवम आत्मरक्षा लिए कुशल कराते व व्यायाम गुरु द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार संजय कुमार वर्मा, इरशाद हुसैन, रईस अहमद, सभासद रजा इमाम रिजवी, सभासद जाकिर, सभासद गुड्डू मदेशिया, सहबे आलम, सभासद जान मोहम्मद, अब्दुल माजिद, सुवेब खान, यूसुफ अंसारी, विकास अमलानी, आमीन, असलम अंसारी, श्रीमती हसीबुन्निशा अंसारी, आफरीन, इस्लामुन निशा आदि मौजूद रहे।

### सुलतानपुर माइनर में मिला युवक का शव

सुलतानपुर, सुलतानपुर का युवक गुजरात में ट्रेलर चलाता था।दो दिन पूर्व ही दोस्त के बेटे की शादी में शामिल होने के लिए घर आया था। मंगलवार को वो घर से बारात के लिए निकला और आज उसका शव माइनर में मिलने से हड़कंप मच गया।

# ग्राम पंचायत गोडहिया नंबर तीन में आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता शिविर

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने को मतदाताओं को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार




कैसरगंज, बहराइच। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कैसरगंज के ग्राम पंचायत गोडहिया नम्बर तीन के प्राथमिक विद्यालय महतोपुरवा में स्वीप कार्यक्रम के तहत एक मतदाता जागरूकता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मतदाताओं को आगामी लोकसभा के चुनाव मे मतदान करने के लिए जागरूक किया गया तथा मतदान एवं उसके महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। कैसरगंज के ग्राम गोडहिया नंबर तीन में आयोजित स्वीप कार्यक्रम का शुभारंभ तहसीलदार अजय कुमार यादव व वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह ने दीप ने प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तहसीलदार अजय कुमार यादव ने कहा कि ग्राम पंचायत गोडहिया नंबर एक, दो, तीन व चार में पूर्व में हुए लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बहुत कम था जिसके देखते हुए इस बार मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं उन्होंने बताया कि बूथ संख्या 262,263, 264,265, 266 ,267 व 268 पर न्यूनतम मतदान 14 प्रतिशत है।इससे यह प्रतीत होता है कि मतदाता अभी भी अपने अधिकार के प्रति जागरूक नहीं है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकाली जाएगी टीम में घर-घर जाकर ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता सर्वोच्च है। उसे अपने मतदान के अधिकार का बढ़-चढ कर प्रयोग करना चाहिए।इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश पांडे सहित क्षेत्र के गणमन नागरिक व सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भारत-नेपाल सीमा पर गश्ती के दौरान पकड़ी लकड़ी

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच।भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा में तैनात 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा कैलाश चन्द रमोला कमांडेंट 59वीं वाहिनी के नेतृत्व में लौकाही कमांडर नि0सा0 मदन लाल के साथ अन्य मय पर्सनल आर्म्स के साथ गश्त के दौरान सोर्स से पता चला कि नदी के रास्ते नेपाल तरफ से लकड़ी बहती हुई भारत के तरफ आ रही है। खबर मिलते ही एसएसबी करमोना घाट बाधा नदी सीमा स्तम्भ स० 671/1 के लिए रवाना हुई। जिसके उपरांत गश्त पार्टी नदी के किनारे-किनारे जाँच पड़ताल करते हुए 'ए' समवाय लौकाही के गश्ती दल के साथ संपर्क किया एवं ई समवाय के दूसरी गश्त कमांडर उपङ्गनिङ्गसाङ्ग करमचंद के द्वारा बताया गया की नदी से अधिक मात्रा में लकड़ी बहकर सीमा स्तम्भ 672/1 से 500 मी० की दूरी पर नदी के किनारे पर है। तत्पश्चात पार्टी कमांडर मदन लाल गश्ती दल के साथ नदी किनारे से होते हुए मौके पर पहुँचकर लकड़ी की छानबीन किया तो पता चला कि सिंबल और गूलर की लकड़ी पानी में तैर रही है। जिसके बाद लकड़ी को नदी से बाहर निकाला गया एवं निकाले गये लकड़ी की गिनती करने के बाद मुख्यालय एवम वन विभाग ककरहा रेंज को सूचित किया गया।जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लकड़ी की माप ली गयी तथा मौके पर जब्ती सूची बनाकर ककरहा फारेस्ट रेंज प्रभारी को सुपुर्द किया गया।

# भीम आर्मी ने लगाया तहसील मुख्यालय पर जाम

**डीएम व एसपी को मांग पत्र देने को लेकर अड़े भीम आर्मी कार्यकर्ता**

**सुबह से चल रहा था पुरानी तहसील परिसर में धरना**

अमन लेखनी समाचार/सिराज अली

कैसरगंज, बहराइच। अपने सात सूत्रीय मांगों को लेकर पुरानी तहसील परिसर कैसरगंज के सामने भीम आर्मी कार्यकताओं के द्वारा धरना व प्रदर्शन किया जा रहा था, कि दोपहर के बाद अचानक भीम आर्मी के कार्यकताओं ने सड़क पर आकर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जिनके जाम के बाद वहां तैनात पुलिसकर्मी जाम खुलवाने को बेबस नजर आए।इसके बाद उपजिलाधिकारी कैसरगंज पंकज दीक्षित के आने पर भीम आर्मी कार्यकर्ता जिले के आला अधिकारियों को मांग पत्र देने की बात पर अड़े रहे, और उच्च अधिकारियों के आने की बात सुनकर पुनः पुरानी तहसील परिसर में जाकर धरने पर बैठ गए।मीडिया को जानकारी देते हुए भीम आर्मी के जिला संयोजक सुरेश पासवान ने बताया कि बिगत दिनों ग्राम दीकौली कला में अनुसूचित जाति के युवक प्रवेश कुमार की की गई निर्मम हत्या के संबंध में केवल एक अपराधी को ही गिरफ्तार किया गया है लेकिन साजिशकर्ता अन्य पर पुलिस शिकंजा नहीं कसकर उन्हें इस घटनाक्रम से मुक्त दशार्ना चाहती है। अधिवक्ता बालक राम सरोज ने बताया कि उक्त शासन में दलित उत्पीड़न की घटना में बाढ़ सी आ गई है। अपने साथ सूत्रीय मांगों को लेकर उन्होंने बताया कि हमारी मांगों में विगत दिनों दलित हत्या व उत्पीड़न के घटनाक्रम के अपराधियों के गिरफ्तारी दो दिन के अंदर हो, मृतक के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए, आरोपियों के मकान ध्वस्त किए जाएं, मृतक के बच्चों की पढ़ाई का खर्चा मुफ्त में दिलाई जाए, मृतक के परिवार को रहने हेतु आवास की व्यवस्था कराई जाए, मृतक के परिवार को 50 लाख रुपए आर्थिक सहायता तत्काल के साथ अभियोग की विवेचना किसी दूसरे क्षेत्राधिकार से कराई जाए।प्रदर्शन, धरने व जाम के मौके पर माधवराव एडवोकेट, साहब अहमद एडवोकेट, मुलायम सिंह यादव, जितेंद्र वर्मा, सिराज अहमद, एडवोकेट आदि के साथ हजारों की संख्या में भीम आर्मी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एफएलएन प्रशिक्षण मे शिक्षकों को बताई शिक्षण की बारीकीयां

**एसआरजी ने किया प्रशिक्षण सत्र का अवलोकन, दिये आवश्यक दिशा निर्देश**

**बाबागंज बीआरसी पर शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न**

अमन लेखनी समाचार




रूपईडीहा, बहराइच। विकास क्षेत्र नवाबगंज के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों का चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण बीआरसी बाबागंज में सम्पन्न हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संदर्भदाता एआरपी सुनील कुमार, विपिन सिंह, राकेश मौर्या, निर्मल शुक्ला एवं केआरपी अमित कुमार द्वारा प्रतिभागियों को आधार शिला क्रियान्वयन संदर्शिका आधारित भाषा-गणित शिक्षण की वार्षिक,साप्ताहिक व दैनिक कार्ययोजना की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के अंतिम दिन राज्य संदर्भदाता समूह के सदस्य एसआरजी सुधीर मल्होत्रा द्वारा प्रशिक्षण सत्र का अवलोकन किया गया।प्रतिभागियों से प्रशिक्षण के संबंध में फीडबैक प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। एसआरजी श्री मल्होत्रा कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है की सभी प्रतिभागी प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारियों का सम्यक प्रयोग करते हुए अपने विद्यालय, ब्लॉक और जनपद को निपुण बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# धूम-धाम से मनाया गया मस्तान शाह रह का सालाना उर्स

**कव्वालों ने अपनी फनकार से बांधा समाँ**

**मुल्क में अमन-चैन के लिए मांगी दुआएं**

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। फखरपुर के गजाधरपुर स्थित दरगाह हजरत रसूल अहमद उर्फ मस्तान शाह रह0 मुन्ना बाबा का दो दिवसीय सालाना उर्स बड़ी ही धूम-धाम से मनाया गया।हजारों की संख्या मे जायरीनों ने उर्स में शिरकत कर हजरत के रोजे पर हाजिरी दी और चादर पेश की मुल्क में अमन-चैन के लिए मांगी दुआएं। उर्स कमेटी के अध्यक्ष फिरोज अहमद गुड्डु अहमद ने बताया कि दो दिवसीय उर्स की शुरूआत बाद नमाज-ए-ईशा कुरआन-ए-पाक की तिलावत और औलमा-ए-दीन के बयान (तकरीर) से हुआ।उर्स के दूसरे दिन यानी 29 फरवरी को महफिल-ए-शमा कव्वाली का प्रोग्राम हुआ जिसमें नामी-गिरामी इंटरनेशनल कव्वाल शरीफ परवाज कानपुरी और कव्वाला सनम वारसी सम्भल मुरादाबादी ने अपने शायराना कलाम से चार-चांद लगाए। साथ ही दोनों कव्वालों के बीच जवाबी कव्वाली का मुकाबला हुआ जिसको सुनकर लोग झूम उठे।सुबह तक तरह तरह कव्वाली पेस की इस उर्स के मुख्य अतिथि रहे सपा विधायक आनंद कुमार यादव व सपा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव इमरान अली चिस्ती कैसरगंज विशिष्ट अतिथि रहे थाना अध्यक्ष फखरपुर करुणाकर पांडेय एस आई बिंदेश्वरी यादव मुख्य अतिथि का उर्स कमेटी के साथ ग्राम प्रधान सलीम अहमद व फिरोज अहमद ने साफा बांधकर सम्मानित किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष हसीब कफील अहमद सिद्दीकी,तौसीब प्रबंधक गुड्डू सिद्दीकी,मेराज अहमद सेक्रेटरी नदीम शानू,जहांरुदीन मलिक मो अहमद जीशान अंसारी,प्रधान उदयराज वर्मा गुड्डू गौड़,अमीर अहमद बब्बू पाठक,प्रेम सुनील गौड़ सनीफ बाबा, सिराज, फरहान सहित हजारों संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नारी संघ की ओर से ग्राम पंचायत सिदरखी मे आयोजित की गई ग्राम चौपाल

**ग्राम चौपाल में उठा प्राथमिक विद्यालय में जल भराव की समस्या का मुद्दा**

अमन लेखनी समाचार




कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज के ग्राम पंचायत सिदरखी में ग्राम चौपाल व नागरिक मंच की बैठक का अयोजन किया गया जिसमे नई किरन नारी संघ की महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम मे मौजूद ग्राम पंचायत अधिकारी राकेश वर्मा ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। प्राइमरी स्कूल सिदरखी में कई दिन से जलभराव हो रहा था जिससे बच्चों को पानी पीने में समस्या आ रही थी।गंदगी के कारण बच्चे बीमार भी पड़ रहे थे।नारी संघ ने ये मुद्दा प्रधान प्रतिनिधि राघव के समक्ष रखा उन्होंने त्वरित कार्यवाही कर रोजगार सेवक को उसका ठीक कराने का जिम्मा सौंपा।संस्था प्रमुख किरन बैस ने महिला नागरिक मंच के सदस्यों के समक्ष विभिन्न मुद्दे रखे। महिला को और सशक्त बनाने की बात रखी, बाल विवाह मुक्त पंचायत, घेरलू हिंसा, स्वच्छ ग्राम पंचायत, मजबूत स्थानीय स्वशासन, मतदाता जागरूकता आदि विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डाला। इस चौपाल में नारी संघ की सदस्य सुनीता,राजकुमारी, अन्य सदस्य, नारी संघ पुरुष, किशोर, किशोरियां, प्रधान प्रतिनिधि,राघव सिंह संस्था प्रमुख किरण बैस, अर्पिता, सौरभ,मस्तराम, रोजगार सेवक म्यांकर,सफाई कर्मी,सीएचओ प्रियंका, कोटेदार सहाबुदीन, अपराजिता कार्यकर्ता सोनी, नमन, जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

# मौसम बदलते ही बढ़ गई मरीजों की संख्या

## 500 की हो रही ओपीडी, सबसे अधिक सर्दी-खांसी, निमोनिया और वायरल फीवर से पीड़ित

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, बदलते मौसम के बीच सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार के मरीज तेजी से बढ़ने लगे हैं। सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज की ओपीडी में रोजाना सर्दी, खासी, जुकाम और निमोनिया से पीड़ित 500 तथा पुराने करीब 200 मरीज पहुंच रहे हैं। चिकित्सक उन्हें दवाओं के साथ ही एहतियात बरतने की भी सलाह दे रहे हैं। सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय के डॉ.अनमोल पाठक ने बताया की कुछ दिनों से तापमान में उतार-चढ़ाव का प्रतिकूल असर हो रहा है। इस समय बच्चें अक्सर बीमार पड़ते हैं, अविकसित इम्यून सिस्टम की वजह से बच्चों में किसी भी तरह के संक्रमण का खतरा अधिक होता है। पांच साल से छोटी उम्र के बच्चों में निमोनिया का खतरा अधिक होता है, जो फेफड़ों से जुड़ी एक बीमारी है। बच?चों में ज्यादातर निमोनिया के केस बैक्टीरिया या वायरस के इंफेक्शन की वजह से होता है। मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक बुखार व खांसी से परेशान हैं। बुखार तो फिर भी दो से तीन दिन में ठीक हो जाता है, लेकिन खांसी 15 दिन तक परेशान कर रही है। तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। बुखार, डायरिया और उल्टी दस्त की समस्याएं बढ़ने से ब्लड शुगर प्रभावित होता है, जिससे इलेक्ट्रोलाइट इंबैलेंस का खतरा बढ़ जाता है।

ऐसे में रोगियों को उचित उपचार के लिए योग्य चिकित्सकों से मिलना चाहिए। मेरी ऐसे मरीजों से अपील है कि वह दिन में तीखी धूप देखकर अभी गर्म कपड़ों से दूरी न बनाएं। क्योंकि मौसम बदल रहा है रात में सोते वक्त पंखा ना चलाएं पंखे से दूरी अभी बना कर रखें।

# दरोगा के खिलाफ थानाध्यक्ष को सौंपा शिकायती पत्र

**मुकदमें में एफआर लगाने के नाम पर रुपए मांगने, गाली गलौज का आरोप, कार्रवाई की मांग**

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, अमरोहा जनपद के रहरा थाने में बुधवार को जिला पंचायत सदस्य ने ग्रामीणों के साथ मिलकर एक शिकायती पत्र थाना अध्यक्ष को सौंपा। शिकायती पत्र में हल्का दरोगा पर मुकदमे में एफ आर लगाने के नाम पर पैसों की मांग करने तथा गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। शिकायती पत्र के माध्यम से जिला पंचायत सदस्य पिंटू भाटी ने बताया कि उनके छोटे भाई रिंकू पुत्र महेंद्र सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। जिसमें दोनों पक्षों का फैसला करा दिया गया तथा फैसला थाने में भी दे दिया गया। वही एफिडेविट भी पुलिस क्षेत्राधिकारी के यहां दे दिए गए। लेकिन हल्के में तैनात दरोगा मुकदमे में एफआर लगाने के नाम पर रुपए की मांग कर रहा है। आरोप है कि जब वादी के द्वारा पैसे नहीं दिए गए तो दरोगा ने घर पर जाकर तोड़फोड़ व महिलाओं के साथ गाली गलौज करते हुए उनकी पत्नी के साथ अभद्र टिप्पणी भी की। साथ ही जब भाई ने अपने भाई जिला पंचायत सदस्य का नाम लिया तो उन्हें भी नाम लेकर गंदी-गंदी गालियां दी। जिससे उनके मान सम्मान को ठेस पहुंची है।

जिस पर जिला पंचायत सदस्य पिंटू भाटी भारी संख्या में ग्रामीणों के साथ थाने पहुंचे। उन्होंने थाना अध्यक्ष को दरोगा के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की गई है। बता दे की पिंटू भाटी वार्ड नंबर 20 से जिला पंचायत सदस्य हैं। इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# वित्तीय साक्षरता सप्ताह का हुआ समापन




अमन लेखनी समाचार

बहराइच। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 26 फरवरी से 01 मार्च 2024 तक संचालित वित्तीय साक्षरता सप्ताह के अन्तर्गत इण्डियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान( आरसेटी ) बहराइच द्वारा वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एलडीएम जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव द्वारा प्रशिक्षणार्थियां को रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया की थीम ह्यकरो सही शुरूआत बनो वित्तीय स्मार्टह्य के अर्न्तगत बचत एवं कंपाउंडिंग की शक्ति-बैंकिंग आवश्यकताएं तथा डिजिटल एवं साइबर स्वच्छता और सामाजिक सुरक्षा के विभिन्न स्कीमों प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा बचत करने के तरीके एवं बचत के महत्व इत्यादि के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। इम मौके पर संस्थान की निदेशक श्रीमती रीति कुमारी, एफ0एल0सी0 काउन्सलर वेद प्रकाश शुक्ला, संस्थान के स्टाफ एवं 60 प्रशिक्षणार्थियों ने सहभागिता प्रदान की।

# एनएच-330ए पर आवारा पशुओं से हो रहे हादसे

**पिठला बॉर्डर से लेकर बारून तक आवारा पशुओं का जमवाड़ा, हर दिन हो रही दुर्घटना**

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, अयोध्या- रायबरेली हाईवे के पिठला बॉर्डर से लेकर मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के बारून बाजार तक हाईवे पर बीच-बीच में छुट्टे पशुओं का जमवाड़ा रहने से हर दिन दुर्घटना हो रही है।दुर्घटना में पशुओं की मौत भी हो रही है तथा वाहन चालक भी दुर्घटना का शिकार होकर चोटिल भी हो रहे हैं। पिछले एक सप्ताह में एक दर्जन पशुओं की वाहन से टकराकर से मौत हो चुकी है। कई ई -रिक्शा मवेशियों को बचाने के चक्कर में पलट गए हैं।एक माह के भीतर दर्जनों बाइक सवार आवारा पशुओं की चपेट में आने से घायल हो चुके हैं, कई बाइक सवार तो इस कदर जख्मी हुए थे।डाक्टरों को उन्हें जिला अस्पताल रेफर करना पड़ा था।दिन हो या रात मवेशियों के विचरण ने राहगीरों की मुसीबत बढ़ा रखी है। यह हाल सिर्फ हाईवे पर ही नहीं हाईवे से जुड़े संपर्क मार्ग तथा ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों और गलियों में भी बना हुआ हैं। रामदीन, लवलेश पाण्डेय,श्याम तिवारी, धर्मेंद्र कुमार, प्रभात मिश्रा, आकाश, देवता दीन, नरेंद्र तिवारी राजबली, का कहना है कि आवारा पशु हाईवे से लेकर गांव की गलियों की सड़कों पर खड़े रहते हैं। आने जाने वाले राहगीरों छात्र छात्राओं को अच्छी खासी परेशानियां होती हैं।हाईवे समेत अन्य मार्गो पर छुट्टे मवेशियों के खड़े रहने से विद्यालय आने जाने वाले बच्चों को डर लगा रहता है कि कहीं कोई जानवर मार ना दें। राजित राम ने बताया कि दो दिन पूर्व में बाइक सवार चार लोग मवेशी के टक्कर से घायल हो गए थे। ग्रामीणों ने उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया था गाड़ियां भी टूट गई थी।लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है किसी दिन बहुत बड़ी घटना इन आवारा पशुओं के चलते हो सकती है।

# संक्षेप

## चोरी के वारदात को अनदेखा कर रहीं हैं खोराबार पुलिस

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। मकान में घुसकर 28-29 फरवरी 24 की रात्रि को घर का ताला तोड़कर चोरी की गयी। घर के सारे कमरों को अच्छी तरह से खगालते हुए शातिर अपराधी चोरो ने चोरी किया। चोरी के समान में एक मंगल सुत्र, अंगुठी और दो जोडी पायल और नगद लगभग इक्कीस हजार रुपये के साथ अन्य वस्तुए भी चोरी की गयी है। सीसीटीवी फुटेज मे शातिर चोरो का फोटो स्पष्ट और साफ दिखाई दे रहा है। इसी घर पर इसके पहले 2021 मे चोरो द्वारा चोरी का अंजाम दिया गया था, जब भी हम लोग घर के बाहर कही अचानक एक जाना पड़ता है तो उसी रात चोरों द्वारा चोरी का जाम दे दिया जाता है। इस घटना की तहरीर खोराबार थाने में दे दी गई है पुलिस कार्रवाई का शासन दे रही है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। इस संबंध में चौकी इंचार्ज संजय सिंह से पूछने पर उन्होंने बताया की तहरीर मिल गई है फिर दर्ज कर चोरों की पकड़ने की कार्रवाई की जाएगी।

## पोस्टमास्टर के छुट्टी पर जाने से डाकघर में लेनदेन रहा बाधित

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा स्थित मुख्य डाकघर पर तैनात पोस्ट मास्टर के छुट्टी पर जाने से शुक्रवार को डाकघर में लेनदेन पूरी तरह बाधित रहा। रुपया निकालने के आश में आए अनेक ग्राहक लेनदेन न होने से मायूस होकर लौटे दिखाई दिए। मुख्य डाकघर सहजनवा पर शशांक पांडेय पोस्ट मास्टर के पद पर तैनात है। इनके घर के किस सदस्य के आकस्मिक मृत्यु होने पर वह 1से 9 मार्च तक छुट्टी पर चले गए है। लेकिन इनके द्वारा किसी भी तैनात कर्मचारी को लेनदेन करने के लिए चार्ज नहीं दिया गया। दिक्कत का आलम यह है की लेनदेन का जो पासवर्ड है। वह पोस्ट मास्टर के पास ही होता है। जिसकी वजह से समस्या बनी हुई है। शुक्रवार को डाकघर पर किसी भी तरह का लेनदेन नहीं हो सका। इस संदर्भ में पोस्ट मास्टर शशांक पांडेय ने कहा कि घर के किसी सदस्य के मृत्यु होने पर नौ दिन की छुट्टी पर है। जल्द किसी की तैनाती कर समस्या का समाधान करा दिया जायेगा।

## उद्योग व्यापार मंडल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

खुर्जा, शिकारपुर नगर के उद्योग व्यापार मंडल की टीम ने एसडीएम शिकारपुर को ज्ञापन देकर कावड़ यात्रा से पूर्व नगर में जर्जर पड़े रास्तों को चिह्नित करते हुए मरम्मत की जाने की मांग की है, ताकि पैदल चलने वाले कांवड़ियों को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं हो। इसके अलावा सभी मार्गों पर प्रकाश पथ दुरुस्त किए जाने की गुहार लगाई है। शिकारपुर नगर के उद्योग व्यापार मण्डल भारत ने बैठक आयोजित की। इस दौरान बैठक में कावंड यात्रा से पहले जर्जर पड़े रास्तों को दुरुस्त किए जाने की मांग की।

# रेंजर कैंम्पियरगंज ने पिकअप वैन से भरी सागौन की लकड़ी पकड़ी

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। वन परिक्षेत्र कैंम्पियरगंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वैन से भारी मात्रा में सागौन की लकड़ी पकड़ी है। पिकप वैन पर लदे लकड़ी को जब्त कर लिया गया है। रेंजर कैंम्पियरगंज को सूचना मिली मोदीगंज के तरफ से करमैनी रोड पर बनभागलपुर की तरफ एक पिकअप वैन में अवैध रूप से सागौन की लकड़ी लादकर ले जाई जा रही है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए रेंजर ने अपनी टीम के साथ वन भागलपुर में वाहन को चेकिंग के लिए रोका। तलाशी लेने पर पिकप वैन में 18 की संख्या में सागौन की लकड़ी बरामद हुई। पिकप वैन चालक मौका मिलते ही फरार हो गया। रेंजर ने पिकप वैन को जब्त कर लिया वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। वैन में लदी लकड़ी की अनुमानित कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। वन क्षेत्राधिकार प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया वन विभाग अवैध कटाई पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चला रहा है।यह कार्रवाई क्षेत्र में अवैध कटाई और वन संपदा की तस्करी पर रोक लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## मारपीट के मामले में पुलिस ने सात पर दर्ज किया केस

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के सालिनी पत्नी पप्पू निषाद निवासी नौका टोला हरैया बुधवार को अपराह्न डेढ़ बजे अपने घर पर खड़ी थी। उसी दौरान पड़ोस के आधा दर्जन लोग गाली गलौज कर रहे थे। मना किया तो सभी लोग मिलकर लाठी डंडे और चारपाई के पाया से पीट कर घायल कर दिए। और जान मारने की धमकी दिए। पुलिस ने सुरेश,गौरी देवी,मंजू, चम्पा सविता,निर्मला के खिलाफ बलवा,मारपीट,जान से माफने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। वही सहजनवा थाना क्षेत्र के सहबाजगंज वार्ड 5 निवासी विजय प्रकाश सिंह अपने दोस्त के साथ सहजनवा बाजार करने जा रहा था। उसी दौरान रास्ते में एक मनबढ अपने तीन दोस्तो के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने सौरभ मिश्र,तीन अज्ञात के खिलाफ मारपीट जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# महायोगी गोरखनाथ केवीके पर उद्यमिता विकास पर छात्राओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। पीपीगंज महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र, चौकमाफी पीपीगंज गोरखपुर में 15 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ।जिसमे बापू स्नातकोत्तर महाविद्यालय पीपीगंज गोरखपुर के गृह विज्ञान विभाग की एम ए की छात्राएं प्रतिभाग कर रही है ।इस अवसर पर कृषि केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ राजेश कुमार सिंह ने उद्यमिता विकास कार्यक्रम के औचित्य पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा 15 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि जब व्यवसायी किसी उद्यम को चलाने के लिए नए तरीकों एवं तकनीकों का प्रयोग करता है तथा जोखिम उठाता है तब इसे उद्यमिता कहते हैं। केंद्र की गृह विज्ञान विशेषज्ञ डॉ श्वेता सिंह ने छात्राओ को प्रशिक्षण के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए महिलाओं के आर्थिक आत्मनिर्भरता की आवश्यकता के बारे मे बताया एवम प्रशिक्षण के प्रथम दिन देसी गौ के गोबर से निर्मित दीया व सजावटी उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया।बापू पी कॉलेज की गृह विज्ञान विभाग की अध्यक्ष के अध्यक्ष डॉ रंजु यादव ने कहा कि इस प्रशिक्षण से छात्राओं के आजीविका के मार्ग प्रशस्त होंगे। इस अवसर पर डॉ करुणेंद्र सिंह,प्रेमलता यादव आदि सहित कुल 40 लोग उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव को देखते हुए शरारती और अपराधियों तत्वों पर करें कारवाई -एसडीएम

अमन लेखनी समाचार



सहजनवा, गोरखपुर। लोकसभा 2024 निर्वाचन को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए तहसील क्षेत्र में जो भी अपराधी किस्म के लोग है उन पर कारवाई करना शुरू कर दे। गांव में कई ऐसे लोग भी होते हैं। जो विभिन्न विभिन्न पार्टियों के ताल्लुक रखते है। और इनके द्वारा मतदान प्रभावित हो सकता है। पुलिस की जिम्मेदारी है की ऐसे लोगो का नाम चिन्हित कर समय से उन लोगो पर निरोधात्मक कारवाई शुरू कर दे। उक्त बातें उपजिलाधिकारी सहजनवा कुंवर सचिन सिंह ने सहजनवा,गीडा,हरपुर बुदहट के थानेदारों के साथ तहसील सभागार में समीक्षा बैठक करते हुए कही ।वही सीओ गीडा अनुराग सिंह ने कहा की क्षेत्र में जो अपराधी, और शरारती तत्व के लोग है। उन्हे चिन्हित कर कारवाई करना शुरू कर दे। जिससे लोकसभा चुनाव शांति ढंग से सकुशल सम्पन्न कराया जा सके। इस दौरान तहसीलदार राकेश कन्नौजिया, प्रभारी निरीक्षक गीडा योगेंद्र राय, एसओ सहजनवा मदन मोहन मिश्र, एसओ हरपुर बदहट विशाल उपाध्याय मौजूद थे।

# पत्रकार बेटी ने माँ को दी मुखाग्नि

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। महिला पत्रकार प्रिया शुक्ला की माता का इलाज के दौरान मृत्यु हो गया। प्रिया शुक्ला की माता विगत तीन-चार दिनों से गोरखपुर के निजी अस्पताल में भर्ती थी, जिनका शुक्रवार को प्रातः इलाज के दौरान अस्पताल में ही मृत्यु हो गया। प्रिया शुक्ला व उनकी दो बहने अपनी माता के साथ ही रहती थी इनके पिता का देहांत बचपन में ही हों गया था। घर में तीन बेटियां और मां के अलावा कोई नहीं था। बताते चलें प्रिया कुमारी के परदादा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। प्रिया कुमारी के घर में कोई पुरुष न होने के कारण प्रिया कुमारी ने अपनी माता को स्वयं मुखाग्नि दिया। मुखाग्नि देते समय प्रिया कुमारी बिलख-बिलख के रोती रही और साथ ही इनकी दोनों बहने भी बिलखती रही। यह देख वहा मौजूद लोगो की आँखे नम हो गयी। इनकी माता के अंतिम यात्रा में सैकड़ो लोग और बहुत सारे मीडिया कर्मी पहुंचे थे जिसमें प्रमुख रूप से विनय शर्मा कोषाध्यक्ष गोरखपुर प्रेस क्लब, राजेश शर्मा, बेचन शर्मा, अखिलेश कुमार, अनिल गौतम, योगेश श्रीवास्तव ,मोहम्मद अनस, उमेश मणि त्रिपाठी आदि पहुंचे।

## फाल्गुन निशान शोभा यात्रा कल

अमन लेखनी समाचार

सहजनवां, गोरखपुर। श्याम परिवार द्वारा आयोजित सहजनवां कस्बे स्थित काली मंदिर से फाल्गुन निशान शोभायात्रा रविवार सुबह 8 बजे से प्रारम्भ होकर बेलहर स्थित श्रीसमय माता मंदिर स्थित खाटू श्याम मंदिर जाएगी। शोभायात्रा कार्यक्रम के आयोजक विपिन चौधरी ने कहा कि निशान शोभायात्रा में सभी श्याम प्रेमियों से निवेदन है कि अधिक मात्रा में सम्मिलित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनावें।

# नौनिहालों से मिलकर मनीष महाराज ने किया उत्साहवर्धन




अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के स्व राजा सिंह चिल्ड्रन एकेडमी अमटौरा-बनौडा में आज बहू प्रतिष्ठित मनीष महाराज का आगमन हुआ। उनके स्वागत और अभिनन्दन में नौनिहालों ने काफी रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। महाराज ने बच्चों से वातालाॅप करके हाल-चाल भी जाना तथा रामचरितमानस ( रामायण ) के संदर्भ में काफी जीवनोपयोगी बातें नोनीहालों को सिखाई ।कि किस तरह रामायण में वर्णित विचारों को अपनाकर हम अपना जीवन सकुशल व खुशहाल बना सकते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक आनंद प्रकाश सिंह ने मनीष महाराज को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कहा कि ऐसे महान संत के विद्यालय प्रांगण में आगमन से बच्चों का उत्साहवर्धन हुआ है। इस अवसर पर विनय प्रकाश सिंह ,सत्यव्रत सिंह, रवि प्रकाश सिंह, शंकर यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# हिस्ट्रीशीटर सलमान गैंग के शार्प शूटर की फायरिंग

- बीच सड़क पर गाड़ियां खड़ी करके आतिशबाजी की, थाना प्रभारी बोले-वीडियो की करा रहे जांच

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ कोतवाली क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर सलमान गैंग के एक शार्प शूटर का हवाई फायरिंग करते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार आरोपी शार्प शूटर कुछ दिन पहले ही में जेल से छूटकर आया है। इसी खुशी में आरोपी अपने साथियों के साथ बीच सड़क पर आतिशबाजी और फायरिंग कर रहा है। आरोपी का फायरिंग करते हुए वीडियो सोशल पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो संज्ञान में आने पर पुलिस ने आरोपी की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है। मेरठ कोतवाली थाना क्षेत्र का रहने वाले हिस्ट्रीशीटर सलमान पर हत्या और लूट के मुकदमे दर्ज हैं। गैंगस्टर सलमान कुछ समय पूर्व ही जेल से छूटकर आया है। सलमान गैंग से जुड़ा नावेद हाल ही में जेल से जमानत पर छूटकर आया है। सलमान गैंग के बदमाश नईम बावला ने अपने साथियों के साथ मिलकर नावेद की जेल से रिहाई पर कांच का पुल के पास आतिशबाजी कर जश्न मनाया और गोलियां चलाई। आरोपियों का बीच सड़क आतिशबाजी और गोलियां चलाते वीडियो वायरल हो गया। सलमान गैंग के बदमाश बीच सड़क पर वाहन खड़े कर आतिशबाजी और फायरिंग करते वायरल वीडियो में देखे जा सकते हैं। वायरल वीडियो संज्ञान में आने पर पुलिस ने आरोपी नईम बावला और उसके साथी नावेद सहित के पूरे गैंग की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है। लिसाड़ी गेट थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह वीडियो को दो दिन पुराना बता रहे हैं। उनका कहना है कि आरोपी शब-ए-बारात की रात में आतिशबाजी के दौरान फायरिंग कर रहे हैं।

# चतुर्थ दिवस में नारद मोह व श्रीराम जन्म की कथा सुन श्रोता हुए भावविभोर



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के देवमई विकास खंड के बिजौली मे चल रही श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस नारद मोह,श्रीराम जन्म महोत्सव के प्रसंग सुन श्रोता भावविभोर हो गए ।गाँव में चल रहे रूद्रयज्ञ व श्रीराम कथा में आचार्य यदुनाथ अवस्थी ने कथा सुनाया ।यजमान गणेश नारायण अवस्थी,यज्ञ आचार्य राजन अवस्थी, मनीष बाजपेई,अशोक अवस्थी, निरंजन दुबे,अजय पांडेय, शरद त्रिवेदी,अशोक गुप्ता,दादू सिंह,ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह,जितेंद्र सैनी,सुशील शुक्ला,पूतन बाबा अमौरी कुशवाहा रहे।

# फतेहपुर के लाल को मिला प्रदेश कांग्रेस महासचिव का कार्यभार

**जुझारू नेता के मनोनीत होने पर आम जनमानस एवं समर्थकों ने जाहिर की खुशी**

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद विधानसभा अंतर्गत गांव बुढवां निवासी चौधरी अनूप सचान के कठिन परिश्रम एवं मजबूत राजनीतिक गठबंधन को देखकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने अनूप सचान को प्रदेश महासचिव के रूप में मनोनीत किया यह जानकारी मिलते ही प्रदेश के साथ-साथ चौधरी अनूप सचान के पैतृक जनपद फतेहपुर एवं जहानाबाद विधानसभा में समर्थकों ने प्रदेश महासचिव को ढेर सारी बधाइयां देते हुए प्रसन्नता जाहिर की जनपद में अनेकों स्थानों पर कार्यकताओं ने एक दूसरे को मुंह मीठा कराते हुए प्रदेश महासचिव के मनोनीत होने पर खुशी जाहिर की मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत के चुनाव से लेकर जिला पंचायत एवं विधानसभा के चुनाव में अपना भाग्य आजमाने वाले कर्मठशील जनप्रतिनिधि चौधरी अनूप सचान ने देश की राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस का हाथ थामा था जहां पार्टी ने जनप्रतिनिधि के मजबूत इरादों एवं आम जनमानस की दुख सुख में निरंतर सहभागिता निभाने की गति को देखते हुए एक बड़ा कार्यभार सौपा ।

# बभनी में तेज आंधी-पानी से 9 बिजली के पोल टूटे

- 24 घंटे से विद्युत आपूर्ति ठप, अवर अभियंता बोले- जल्द होगी बिजली बहाल

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र, सोनभद्र के बभनी थाना क्षेत्र में मंगलवार को आई तेज आंधी से 11 हजार केवी के बिजली के पोल और तार टूट जाने से कई गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। आंधी के कारण पिंपरी से सप्लाई 33 हजार लाइन में 2 पोल टूट गए। बरसात से फसलों को भी क्षति पहुंची है। इसके अलावा कई पेड़ भी गिर गए। साथ ही फसलों का भी बड़ा नुकसान हुआ। बभनी थाना क्षेत्र के चौना, बैना, कोंगा, सांगोबांध, घघरा, बरवे, बकुलियां, आसनडीह, परसाटोला, चौना, कोंगा, घघरी, घघरा, बरवाटोला, बरवें, डूभा, असनहर, संवरा आदि गांवों में अंधेरा छाया हुआ है। बभनी क्षेत्र में सांगोबांध रूट पर 9 खंभे टूट गए। वहीं ,चपकी रूट में आंधी से पेड़ की डाली गिरने से बिजली के तार टूट गए। इससे बभनी, बचरा, भंवर, अरझट, डूमरहर, करमघट्टी, बिछियारी, सेमरिया, बघमडवा, चौना, बैना, कोंगा, सागोबांध, धनखोर, सतबहनी, चैनपुर आदि गांवों में दोपहर बाद तेज आंधी व तड़क गरज के साथ बारिश के दौरान बिजली के पोल व तार टूट कर गिर गए। इससे विद्युत आपूर्ति ठप हो गयी। वहीं, बरसात से दलहनी व तिलहनी फसलों सरसों, चना, मटर व अरहर की फसल को क्षति पहुंची है। तेज आंधी से बभनी सब स्टेशन से सांगोबांध जाने वाले 11 हजार केवी के 9 पोल गिर गए। आम के बगीचों को भी आंधी व पानी से क्षति पहुंची है। वहीं, बभनी सबस्टेशन के अवर अभियंता बिहारी लाल ने बताया कि बभनी विद्युत की आपूर्ति बहाल करने के लिए पोल दुरुस्त किया जा रहा है।आंधी व पानी से काफी क्षति हुई है। फाल्ट तलाशकर मरम्मत का काम पूरा होते ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# प्रेमी जोड़े ने पिया डाई प्रेमिका की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद के किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरगदहा डेरा नरौली मजरे गढा गांव में एक प्रेमी जोड़े ने आपसी तनाव के चलते हेयर डाई पी लिया जहां अस्पताल ले जाते समय प्रेमिका की मौत हो गई तथा प्रेमी का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है मिली जानकारी के अनुसार 16 वर्षीय युवती ममता पुत्री छेदीलाल तथा 20 वर्षीय मझगवां गांव निवासी कामता प्रसाद पुत्र रामस्वरूप में आपसी प्रेम प्रसंग चलता रहा जहां युवती का विवाह किसी अन्य जगह तय होने की जानकारी मिलते ही दोनों एक स्थान पर आपस में मिले तथा एक साथ मरने जीने की कसम खाते हुए गांव के किनारे एक अरहर के खेत में जाकर हेयर डाई पीकर आत्महत्या करने का पूर्ण प्रयास किया विषैला पदार्थ पीने के बाद दोनों की हालत बिगड़ने लगी तथा दोनों घर पहुंचे पारिवारिक जनों ने तत्काल जानकारी मिलते ही दोनों को अस्पताल ले गए



जहां युवती की मौत बीच रास्ते में ही हो गई वहीं युवक कामता प्रसाद का खागा कस्बे के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है

# सोनभद्र डीएम ने की जिला स्तरीय उद्योग बन्धुओं की बैठक

- व्यापारी से जुड़ी समस्याओं का निस्तारण का दिया आदेश, बोले- नहीं होगी कोई समस्या

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र, सोनभद्र डीएम चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु एवं जिला स्तरीय व्यापार बन्धु की बैठक की गयी। इस दौरान डीएम ने कहा कि जिले में व्यापारी बन्धु और उद्योग बन्धुओं से जुड़े मामलों का निस्तारण निर्धारित समय अवधि में किया जाए। व्यापारियों और उद्यमियों के प्रति सहयोगात्मक रूख अपनाया जाए और उद्यमियों के लंबित प्रकरणों का निस्तारण समय से किया जाए,जिससे कि जिले में अधिक से अधिक रोजगार के साधन सृजित हों। साथ ही उद्यमी अपने उद्योग को बेहतर ढंग से संचालित कर सकें। डीएम ने जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन उद्यम अधिकारी आरपी गौतम को निर्देशित करते हुए कहा कि लघु एवं सीमान्त उद्योग को स्थापित करने हेतु स्थल का चयन कर लिया जाए, जहां छोटे उद्योग व्यापारी अपना उद्योग स्थापित कर लोगों के लिए रोजगार सृजन कर सकें, जिससे उद्योग की स्थापना से अधिकाधिक लोगों को आसानी के साथ उचित दर पर जरूरत के सामान मिले और रोजगार के अवसर भी बढ़ेगें। बैठक के दौरान डीएम ने व्यापारियों और उद्योग बन्धुओं से उद्योग के संचालन में आ रही समस्याओं के निराकरण सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया और कहा कि व्यापारी बन्धुओं से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण नियमानुसार सुनिश्चित किया जाए। इस बैठक में व्यापार बन्धुओं द्वारा विद्युत बिल जमा कराने में आ रही समस्याओं से अवगत कराया गया, जिस पर डीएम ने मौके पर उपस्थित विद्युत विभाग के एक्सईएन को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्युत विभाग से सम्बन्धित समस्या को दूर किया जाए, ताकि उद्योग संचालान में किसी प्रकार की समस्या न आने पायें।

## सुमेरपुर बांदा मार्ग में हुई दुर्घटनाओं में दो घायल, हुये रिफर

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। थाना क्षेत्र के पंधरी मोड़ के पास टेढ़ा की ओर से आ रहे ट्रैक्टर ने ओमनी को टक्कर मार दी। जिससे ओमनी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एंबुलेंस से पीएचसी लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर किया गया। सिसोलर थाना क्षेत्र के टोलामाफ निवासी छिद्दू 30 वर्ष ओमनी लेकर अपने गांव की तरफ जा रहा था। तभी शाम करीब साढ़े चार बजे पंधरी मोड पर टेढ़ा की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर एंबुलेंस पायलट सत्यवीर सिंह व ईएमटी अवनीश मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां हालत गंभीर होने पर घायल को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसी तरह बांदा मार्ग पर टेढा के पास सुबह करीब दस बजे आपे पलट जाने से पुष्पेंद्र अग्निहोत्री 30 वर्ष निवासी टेढा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे एम्बुलेंस से पीएचसी लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां से नाजुक हालत में कानपुर भेज दिया गया।

## पीडीए चौपाल में भाजपा पर बरसे सपाई व कांग्रेसी

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित

हमीरपुर। समाजवादी पार्टी ने इंडिया गठबंधन के नेताओं के साथ मिलकर सुमेरपुर ब्लाक की कैथी ग्राम पंचायत में पीडीए चौपाल का आयोजन करके केंद्र एवं प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। कैथी में आयोजित चौपाल को संबोधित करते हुए पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामलोटन निषाद ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की सरकार किसान पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक विरोधी है। इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी अजेंद्र राजपूत ने कहा कि भाजपा झूठ बोलकर युवाओं, किसानों, दलितों, अति पिछड़ों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों को गुमराह करती है। मंदिर मस्जिद की राजनीति के अलावा उनके पास कोई मुद्दा नहीं है। चौपाल को जिलाध्यक्ष इदरीश खान, प्रदेश सचिव मुन्नीलाल निषाद, शिवशरण यादव, नंदकिशोर शिवहरे, सोनिया सोनी, नारायण दास अकेला, मायाराम वर्मा, शिवगोपाल यादव, विवेक यादव, रणबहादुर, सलीम अहमद, सबीना खातून, हिमांशु सैनी, नीलम निषाद आदि ने संबोधित किया।

## ट्रेन की टक्कर से वृद्धा की मौत, पटरी पार करते समय हुआ हादसा

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। खेतों से जलाऊ लकड़ी लेकर घर वापस जा रही वृद्धा को रेलवे पटरी पार करते समय ट्रेन का धक्का लग जाने से गिरकर मौत हो गई। कस्बे के धर्मेश्वर बाबा निवासी रामदुलारी पत्नी रामसजीवन चूल्हा जलाने के लिए लकड़ी लेने के लिए खेतों की ओर गई थी। शाम करीब 5 बजे जब वह लकड़ी लेकर घर लौट रही थी। तभी माल गोदाम के पास से पटरी पार करते समय वह आ रही मालगाड़ी को नहीं देख सकी। ट्रेन का धक्का लग जाने से पटरी किनारे ही गिरकर उसकी मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका अपने पीछे पुत्र कमलेश उर्फ पप्पू, रामस्वरूप, रामगोपाल, नीलम को रोता बिलखता छोड़ गई है। कमलेश व रामगोपाल की शादी हो गई है। थाना पुलिस मौके पर पहुंची है।

## 11 दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ के अग्नि प्रकट कर आहुति दी गई

सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर के हरौनी स्थित श्री झाड़ेश्वर नाथ महादेव मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले 11 दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ के दूसरे दिन शुक्रवार को अग्नि प्रकट कर आहुति दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत गुरुवार को कलश यात्रा के साथ हुई थी। शुक्रवार को अयोध्या के यज्ञाअध्यक्ष बाल स्वामी अवधेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने तमाम भक्तों के सामने यज्ञ के पुरोहित अग्नि भगवान को प्रकट कर श्रद्धा भाव से यज्ञ कुंड स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने अरणी मंथन एवं अग्नि देव की विशेष महिमा का वर्णन करते हुए मौजूद लोगों को इसके महत्व के बारे में विस्तार से बताया। बाद में तमाम भक्तों ने स्थापित किए गए यज्ञ कुंड में श्रद्धा भाव से आहुति दी। यज्ञाअध्यक्ष बाल स्वामी ने बताया कि यह श्री रुद्र महायज्ञ सनातन संस्कृति, धर्मोत्थान पूर्वक व्यसन मुक्ति और राष्ट्र जागरण को लेकर किया जा रहा है। उधर कार्यक्रम के दौरान यज्ञ के संयोजक राजेश सिंह चौहान ने बड़े ही श्रद्धा से अग्नि देव का स्वागत करते हुए मुख्य यजमान सुरेश प्रताप सिंह के साथ आरती यज्ञ किया। इस मौके पर यज्ञ के कोषाध्यक्ष लल्लन शुक्ल, पूर्व प्रधान डब्बू सिंह, विशेष सदस्य कन्हैया सिंह, त्रिभुवन सिंह और महेंद्र सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम आयोजक राजेश सिंह चौहान ने बताया कि इस विशाल यज्ञ की पूर्णाहुति 10 मार्च को सुबह 10:30 बजे की जाएगी और उसके बाद विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।

# रामगढ़ स्थित शिव मंदिर पर कलश यात्रा के साथ 7 दिवसीय भागवत कथा प्रारंभ

### भागवत कथा सुनने व अनुसरण से आते हैं सकारात्मक बदलाव- डॉ० संदीप

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव



झाँसी। जनपद के रक्सा क्षेत्र स्थित रामगढ़ के शिव मंदिर पर आठ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। इस भागवत कथा में पारीक्षित जन्म, शुकदेव जन्म, विदुर कथा, शिव विवाह, राम जन्म, कृष्ण जन्म, कृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा, कंस वध, रुक्मणी विवाह, सुदामा चरित पर कथा का वाचन आचार्य मनोज चतुर्वेदी द्वारा किया जा रहा है एवं कथा परीक्षित के रूप में निधि कुशवाहा एवं घनश्याम कुशवाहा उपस्थित रहे। शुक्रवार दिनांक 7 मार्च को हवन पूणार्हुति के साथ कथा का समापन होगा उसके अगले दिन विशाल भंडारा एवं सामूहिक विवाह आयोजित किया जायेगा। प्रत्येक वर्ष यह आयोजन शिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष में आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम का प्रारंभ आज कलश यात्रा के साथ मुख्य अतिथि डॉ संदीप सरावगी के आतिथ्य में प्रारंभ हुआ यह यात्रा रामगढ़ शिव मंदिर से प्रारंभ होकर रक्षा की विभिन्न क्षेत्रों में होते हुए शिव मंदिर पर ही समाप्त हुई जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिलाएं कलश लेकर चल रही थी पीछे सैकड़ो की संख्या में भक्तजन भोलेनाथ का उद्घोष करते हुए यात्रा का अनुसरण कर रहे थे। कथा समापन पर डॉ संदीप क्षेत्रीय जनता को संबोधित करते हुए कहा भागवत में ज्ञानयोग, कर्मयोग, समाजधर्म, स्त्रीधर्म, आपद्धर्म, राजनीती आदि का ज्ञान भरा है। यह एक ऐसा शास्त्र है कि जिसके सुनने से और उसका अनुसरण करने से जीवन से संबंधित सभी प्रश्नों का उत्तर पाया जा सकता है साधक को साधन मार्ग में क्या-क्या संशय आते हैं इन सब पर विचार करके भागवत पुराण का रचना की गयी है। हमें इस प्रकार के आयोजनों में समय-समय पर सम्मिलित होते रहना चाहिए और अपने आगे आने वाली पीढियों को भी इसके महत्व को समझना चाहिये। क्योंकि दूसरी सभ्यताओं का अनुसरण करते हुए हम अपने धर्म से विमुख होते जा रहे हैं जो भविष्य में सनातन के लिए एक बड़ा खतरा है। हमें अपने वेद पुराण आदि धर्म ग्रंथो को कुछ समय निकाल कर नियमित रूप से पढ़ना चाहिए इन्हें पढने से निश्चित रूप से आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव आएंगे। इस अवसर पर संदीप नामदेव, अनुज प्रताप सिंह, राकेश अहिरवार, राजू सेन, सुशांत गेड़ा, बसंत गुप्ता, चंदन पाल प्रमेन्द्र सिंह, आशीष विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

## नियमित रूप से कूड़ा गाड़ी के न आने से वार्डों में गंदगी के ढेर



अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। नगर पंचायत की कूड़ा गाड़ियों के नियमित रूप से वार्डों में न पहुंचने के कारण वार्डों में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। जिनको आवारा जानवर रास्तों में फैलाकर गंदगी पैदा करते हैं। इससे लोग परेशान है। शुक्रवार को कस्बे के वार्ड संख्या 13 में की गई पड़ताल में जगह-जगह कूड़े के ढेर नजर आए वार्ड के निवासी रमेश कुमार, अरविंद, मनोज कुमार आदि ने बताया कि कूडा गाड़ी नियमित रूप से घरों से निकलने वाले कूड़े को नहीं उठाती है। चार-पांच दिन बाद ही कूड़ा उठाया जाता है। इससे चारों ओर गंदगी फैलती है। आवारा पशु भोजन की तलाश में इसको रास्ते में चारों तरफ बिखेर देते हैं। लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत शिकायत के बाद भी संज्ञान नहीं लेता है। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी कुलकमल सिंह ने बताया कि सभी वार्डों में नियमित गाड़ियां जाती हैं अगर कहीं पर दिक्कत है तो वह खुद जाकर देखेंगे और नियमित रूप से कूड़ा हटाने के इंतजाम कराएंगे।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बांदा ब्लाक इकाई कमासिन का हुआ गठन

### बच्ची लाल यादव ब्लाक अध्यक्ष एवं प्रदीप कुमार बने महामंत्री

अमन लेखनी समाचार

बांदा। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बांदा ब्लाक इकाई कमासिन का कर्तव्य बोध दिवस एवम निर्वाचन ब्लॉक संसाधन केंद्र कमासिन में ब्लॉक प्रभारी जिला महामंत्री भरत यादव एवम ब्लॉक संयोजक शिवपाल यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। निर्वाचन पर्यवेक्षक के रूप में जिला संगठन मंत्री संतोष कुमार मिश्र एवं निर्वाचन अधिकारी के रूप में जिला कोषाध्यक्ष मनोज सिंह रहे। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष पंकज सिंह विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष डॉ शिव प्रकाश सिंह रहे।

कर्तव्य बोध दिवस एवं निर्वाचन कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर मुख्य अतिथियों, निर्वाचन अधिकारी एवम पर्यवेक्षक महोदय द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात ब्लॉक संयोजक शिवपाल यादव एवम बच्चीलाल यादव द्वारा उपस्थित मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथियों एवं पर्यवेक्षकों के स्वागत उपरांत पर्यवेक्षक एवं निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम के प्रारंभ करने की घोषणा की गई एवं उपस्थित शिक्षकों को नामांकन भरने हेतु आमंत्रित किया गया। कमासिन ब्लाक के उपस्थित शिक्षकों द्वारा नामांकन प्रपत्र भरे गए। नामांकन भरने के उपरांत प्राप्त नामांकन पत्रों के अवलोकन उपरांत निर्वाचन अधिकारी मनोज सिंह एवं पर्यवेक्षक संतोष कुमार मिश्र जी ने पाया कि अध्यक्ष पद हेतु बच्चीलाल यादव, महामंत्री पद हेतु प्रदीप कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष पद हेतु शिवपाल सिंह यादव, कोषाध्यक्ष पद हेतु राकेश कुमार साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु महेश प्रसाद पाल, उपाध्यक्ष पद हेतु नत्थूराम, काशी प्रसाद, अरविंद कुमार, संयुक्त मंत्री पद हेतु छविनाथ दीक्षित, मंत्री पद हेतु चन्द्रभान, धर्मेंद्र कुमार, राम मनोहर यादव, मीडिया प्रभारी पद हेतु रणवीर सिंह, प्रचार मंत्री पद हेतु दीपचंद पटेरिया के नामांकन प्राप्त हुए हैं। समस्त एकल पदो पर एक-एक ही नामांकन प्राप्त हुए जिससे सभी नामांकित शिक्षकों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। चूंकि उपाध्यक्ष, मंत्री, प्रचार मंत्री, प्रवक्ता पदों पर पांच पांच शिक्षक रह सकते हैं इसलिए उपाध्यक्ष एवं महामंत्री पद पर प्राप्त सभी नामांकन को वैध घोषित करते हुए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष डॉ शिव प्रकाश सिंह ने शैक्षिक महासंघ के इतिहास पर प्रकाश डाला एवं कार्यप्रणाली से सभी शिक्षकों को अवगत कराया। निर्वाचन अधिकारी की भूमिका निभा रहे जिला कोषाध्यक्ष मनोज सिंह ने शैक्षिक महासंघ के अधिवेशन गीत ह्लगुरु गरिमा के पोषक हैं हमह्ल के माध्यम से शिक्षकों को अपने कर्तव्यों का बोध कराया एवं निर्वाचन पर्यवेक्षक की भूमिका निभा रहे जिला संगठन मंत्री संतोष कुमार मिश्र जी ने अपनी कविताओं के माध्यम से शिक्षकों को कर्तव्य पथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा देने का प्रयास किया। कार्यक्रम में उपस्थित शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी कन्हैयालाल पटेल, योगेंद्र दीक्षित, अनुराग सिंह प्रवेंद्र सिंह तोमर आदि ने भी कार्यक्रम को अपने ओजस्वी विचारों के साथ संबोधित किया। अपने गृह ब्लॉक में उपस्थित जिला महामंत्री भारत यादव जी ने शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण हेतु राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ को सदैव तत्पर बताया।



कर्तव्य बोध दिवस एवं निर्वाचन कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष डा शिवप्रकाश सिंह, जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, जिला महामंत्री भरत यादव, जिला संगठन मंत्री संतोष कुमार मिश्र, जिला कोषाध्यक्ष मनोज सिंह, जिला प्रचार मंत्री चंद्र प्रकाश धारिया सहित श्याम लाल यादव, राजीव कुमार, शिवपाल यादव, दीपचंद पटेरिया, अरविंद कुमार, कन्हैया लाल पटेल, योगेंद्र कुमार दीक्षित, राकेश कुमार साहू, महेश प्रसाद, काशी प्रसाद, नत्थूराम, अनुराग सिंह, प्रवेंद्र सिंह तोमर, धर्मेंद्र कुमार, चंद्रभान, रणवीर सिंह, छबीनाथ प्रसाद दीक्षित, सुरेश चंद, विजय बिहारी, बृजेश कुमार, प्रदीप कुमार, बच्ची लाल यादव, राम मनोहर यादव, संजय कुमार, रामबाबू सिंह, राजेश कुमार, ओम प्रकाश, आनंद सिंह गौतम आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## मंदिर के बाहर से छात्र की बाइक चोरी

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। कालेज से बाइक से घर लौट रहे एक छात्र की मंदिर के बाहर से बाइक चोरी हो गयी। काफी तलाश के बाद भी बाइक न मिलने से छात्र ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू की है। परछा निवासी शैलेंद्र पुत्र सुरेंद्र पाल ने बताया कि वह सुंदर लाल शिवहरे डिग्री कॉलेज बाइक से गया था। लौटते समय उसने बड़ी देवी मंदिर के बाहर अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर दी और मंदिर के अंदर चला गया। लगभग 20 मिनट बाद जब वह बाहर आया तो मोटरसाइकिल गायब थी। जो काफी तलाशने के बाद भी नहीं मिली है। उक्त मामले में कोतवाली प्रभारी ने बताया है कि शैलेंद्र कुमार पुत्र सुरेंद्र पाल निवासी परछा थाना मौदहा द्वारा बाइक चोरी संबंधी प्रार्थना पत्र दिया गया है। प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस द्वारा मुकदमा धारा 379 आईपीसी बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया है। सीसीटीवी व अन्य माध्यमों से अभियुक्त की पहचान की जा रही है। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है।

## ककरवई में भाजपाइयों ने चलाया बूथ चलो बूथ जीतो अभियान



अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

गरौठा-झांसी। कसवा ककरबई में बूथ चलो बूथ जीतो अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत अध्यक्ष गरौठा डॉक्टर अरूण कुमार मिश्रा ने ककरबई के तीनों बूथ अध्यक्षों एवं मतदाता सूची के लिए बनाए गए पन्ना प्रमुखों की बैठक ली। बैठक का आयोजन गिरजानंदन दीक्षित के आवास पर किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम प्रमुख ने सभी पार्टी पदाधिकारियों से आगामी लोकसभा चुनाव में पूरी तैयारी के साथ जुटने के लिए घर घर पहुंच कर भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराने के लिए कहा। वहीं कार्यक्रम प्रमुख द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के घर-घर जाकर उनको सरकार द्वारा दी गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत प्राप्त सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस मौके पर प्रमुख रूप से राममोहन दुबे, बल्लू शर्मा, नितिन मिश्रा, द्वारका बर्मा, प्रकाश चन्द्र गुप्ता, विनोद पाठक सहित अन्य कसवा वासी मौजूद रहे।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के खिलाफ लिखे फर्जी मुकदमे के विरोध में कांग्रेसियों ने दिया ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

गरौठा, झांसी। तहसील गरौठा में जिला अध्यक्ष भगवानदास कोरी एवं किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नारायण सिंह परिहार के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने एकत्रित होकर महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार गरौठा को सोपा जिसमें जिला ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी सहित कांग्रेसी कार्यकताओं ने एकत्रित होकर झांसी में संत रविदास जयंती के अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने अपने साथियों सहित संत रविदास की जयंती मनाई थी जिस दौरान एक बंद कमरे में रखी हुई संत रविदास एवं संविधान रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं को बाहर निकाल कर एक जगह पर स्थापित करने का प्रावधान रखा था जिस उपलक्ष में प्रशासन ने विगत 27 फरवरी को उनके एवं उनके साथियों सहित 60 70 अज्ञात लोगों पर मुकदमा लिखा था जिससे नाराज कांग्रेसियों ने मुकदमा वापस लिए जाने के संदर्भ में ज्ञापन दिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष भगवानदास कोरी ने कहा की संत महात्माओं की जयंती मानना कैसे गलत हो सकता है अतः शासन प्रशासन को मुकदमा वापस लेना चाहिए। वहीं किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिवनारायण सिंह परिहार ने कहा की संत रविदास एक दलित समाज में जन्मे लेकिन उन्होंने सभी समाजों को जागरूकता का संदेश दिया उनकी जयंती पर पूर्व केंद्रीय मंत्री द्वारा उनका स्मरण करना जयंती समारोह मानना न्याय संगत है अतः शासन शीघ्र मुकदमा वापस ले। इस मौके पर जिला महासचिव चंद्र प्रकाश चौरसिया, राजेन्द्र सोनी, राजेंद्र सिंह बुंदेला, वीरेंद्र सिंह यादव, फहीम खान, अश्विनी पस्तोर, छोटू खान, मोहित घोष, इकबाल खान, गगन प्रकाश, नीतेश सोनी, जितेंद्र मिश्रा, अखण्ड गुर्जर, जानकी शरण यादव एडवोकेट, हरिशचंद मिश्रा, खेमचन्द्र सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# धसान नदी पर एनजीटी के नियमों के विपरीत अवैध खनन बदस्तूर जारी

### खनिज विभाग को लगाया जा रहा करोड़ों रुपए का चूना

अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झांसी। मामला जिला झांसी के तहसील गरौठा का है जहां बालू माफियाओं द्वारा धसान नदी से वैध खनन की आड़ में लगातार अवैध खनन किया जा रहा है। बता दे की हमीरपुर जिले के टोला खंगारन घाट पर खंड नंबर 5 में सागर परैछा के नाम से बालू घाट संचालित है जहां बालू माफियाओं द्वारा एनजीटी के नियमों के विपरीत अवैध खनन बदस्तूर जारी है। घाट संचालक द्वारा दवंगई के दम पर निर्धारित सीमा से अधिक सीमा तक अवैध रूप से बालू का उठान किया जा रहा है। पट्टा का निर्धारण हमीरपुर जिले में होने के बावजूद बालू माफिया झांसी जिले की सीमा से लगातार अवैध खनन कर रहे है। इसके बावजूद भी प्रशासन और खनिज विभाग मूकदर्शक बना बैठा है। आप तस्वीरों में साफ तौर पर देख सकते है की किस प्रकार एनजीटी के नियमों के विपरीत बड़ी- बड़ी पॉकलेंड मशीनों से नदी का सीना चीरकर खनन माफिया अवैध खनन करने में लगे है जिससे नदी की जलधारा भी बाधित हो रही है। बालूमाफियों द्वारा नदी के बीच में कई जगह रास्ता बनाकर नदी का धारा को मोड़ने का काम किया जा रहा है। बता दे की कुछ दिनों पहले इसी घाट पर उपजिलाधिकारी गरौठा द्वारा कार्यवाही करते है दो एलएनटी मशीनों को सीज किया गया था। इसके बाद भी बालू माफिया अपनी आदतों से बाज नही आ रहे है। मामले की जानकारी होने पर जब मीडिया कर्मी कवरेज करने वहां पहुंचे तो घाट पर तैनात कर्मचारी नौसाद खां द्वारा मीडिया कर्मियों के साथ अभद्रता की गई। उसका कहना था की हमारा कोई कुछ नही बिगाड़ सकता हम ऐसे ही खनन करेगे जिसको जो करना है कर लो। अब देखना है की प्रशासन इन खनन माफियाओं पर कोई कार्यवाही करता है या नही?



# यात्रियों को छोड़ने वाले बस की जांच के दौरान तकरीबन एक करोड़ का सोना बरामद

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर-लखनऊ। चौधरी सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शुक्रवार को रनवे से आगमन हाल तक हवाई यात्रियों छोड़ने वाले बस की जांच के दौरान तकरीबन एक करोड का सोना बरामद हुआ। यात्रियों को सूचना दिये जाने के बाद भी किसी यात्री ने इस लावारिश सोने को अपना नही बताया। सोने को जब्त कर अधिकारी मामले की छानबीन में जुटी है। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार को शारजाह से आने वाली इण्डियो एयरलाइंस की उड़ान (6ई-1424) सुबह सात बजे चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय पहुंची। इस उड़ान के यात्रियों को रनवे से आगमन हाल तक बस द्वारा लाया गया। यात्रियों को छोड़ने के बाद अधिकारियों ने बस की जांच की तो उन्हें बस की एक सीट के नीचे 1533 ग्राम सोना बरामद हुआ। इस सोने की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 98.41 लाख बताई जा रही है। इस दौरान अधिकारियों ने यात्रियों के बीच इस सोने की जानकारी दी। लेकिन किसी यात्री ने इस सोने को अपना नही बताया। यही नही बस से सोना बरामद होने की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे कस्टम अधिकारियों ने सभी यात्रियों से इस सोने की जानकारी की। लेकिन सभी यात्रियों ने सोने की जानकारी होने से इनकार कर दिया। यात्रियों द्वारा सोने को अपना नही बताने के बाद कस्टम अधिकारियों ने इस सोने को जब्त कर मामले की जांच पड़ताल कर रहे है।



# विकास के लिए ग्राम पुर्नरचना बेहद जरूरीः भारत डोगरा

### गांवों को नशा मुक्त करने को बनाएं ह्यनशा विरोधी समितिह्ल

### ग्राम सह बैठक में हुई समस्याओं पर चर्चा, विशेषज्ञों ने दिए सुझाव

### चिंगारी संगठन का दो दिवसीय ग्राम पुर्नरचना चिंतन शिविर शुरू

अमन लेखनी समाचार



बांदा। आर्थिक तंगी के कारण बुंदेलखंड से बड़ी संख्या में पलायन हो रहा है। समस्याओं से जूझ रहे गरीब तबके का बाहर राज्यों में भी शोषण हो रहा है। इससे निजात पाने के लिए सबसे जरूरी है कि संगठन बनाया जाए और ग्रामीण स्तर पर इसे मजबूत किया जाए। यह बातें वरिष्ठ पत्रकार/समाजसेवी भारत डोगरा (दिल्ली) ने कहीं। महुआ ब्लाक के कोलावल रायपुर गांव में विद्याधाम समिति के बैनर तले चिंगारी संगठन का दो दिवसीय ग्राम पुर्नरचना चिंतन शिविर में डोगरा ने कहा कि सरकारी योजनाओं का ठीक से क्रियान्वयन हो पाना पलायन का मुख्य कारण बन रहा है। उन्होंने मनरेगा, आवास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य योजनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि हम दूसरों से योजनाओं का लाभ मांगते हैं। मांगने से भीख मिलती है अधिकार नहीं। नशा आज की पीढ़ी को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा रहा है। पुरुष ही नहीं बल्कि महिलाएं भी नशे की तल से अछूती नहीं हैं। इसे समाप्त किए बगैर किसी समाज या गांव का विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि अपने गांवों में नशा विरोधी समिति बनाकर नशा मुक्त बनाएं। दूसरे सत्र में ग्राम सह बैठक का आयोजन हुआ। इसमें महिलाओं के गांव वार ग्रुप बनाकर समस्याओं को चिन्हित किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी गोपाल भाई ने सामूहिक चर्चा करते हुए समस्याओं के समाधान बताए। उन्होंने कहा कि जाति व्यवस्था गांव विकास में सबसे बड़ा बाधक है। भेदभाव को खत्म करके एक साथ संगठन जुडें.और इसे मजबूत बनाएं। भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय प्रबंधक राजीव लोचन ने कहा कि बैंक गांव की पुर्नरचना में आधार भूमिका है। वित्तीय असमानता को समाप्त करके ग्रामीण विकास की ओर अग्रसर हुआ जा सकता है। इसके पूर्व मुख्य अतिथियों द्वारा वृक्ष पूजन किया गया। दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। समिति कार्यकताओं और संगीत वादक लल्लूराम शुक्ल ने प्रेरक गीत से महिलाओं में जोश भरा। संचालन समिति मंत्री राजाभइया ने किया। कार्यक्रम में अवधेश द्विवेदी, योगेंद्र पांडेय, उत्कर्ष द्विवेदी (श्रमिक भारती), रामकरन यादव, ग्राम प्रधान राममनोहर यादव, मुबीना खान, अर्चना, शशि, कुबेर सिंह, शिवकुमार गर्ग, मुस्तफा अली, माया श्रीवास्तव, प्रिया, रीना, वालिंटियर मुबीन, सुनैना, जितेंद्र, सागर, ममता, उर्मिला, निर्मला सहित भुजियारी पुरवा, अतर्रा ग्रामीण, भज्जू पुरवा, बाबूपुर, नौगवां, गुढ़ा, कालिंजर, नींबी, बंजारा, मसुरी खेरवा, घसरौंट, राजाराम पुरवा की महिलाएं उपस्थित रहीं।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक- श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक - रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com


चॉकलेट कॉसमॉस

रंग-बिरंगे और अनोखी बनावट वाले फूलों को देखकर भला किसके चेहरे पर मुस्कान नहीं आएगी! दुनिया में कुछ ऐसे अनोखे और दुर्लभ फूल हैं, जो बस कुछ ही जगह पर और कम समय के लिए खिलते हैं। इन फूलों को जो देखता है, आश्चर्य से देखता रह जाता है। जानो, ऐसे कुछ अनोखे फूलों के बारे में।

# दुनिया के अनोखे-दुर्लभ फूल

रोचक / शिखर चंद जैन

फूल कुदरत का अनमोल उपहार हैं। कुदरत ने यह उपहार इंसानों के लिए खुले दिल से लुटाया है। इसीलिए दुनिया में फूलों वाले पौधों की प्रजातियों की संख्या 2,50,000 से 4,00,000 तक मानी जाती है। लेकिन कुछ फूलों वाले पौधों को दुनिया के सबसे अनूठे और दुर्लभ फूलों की सूची में रखा गया है। जानो, कुछ ऐसे ही अनोखे फूलों के बारे में-

**चॉकलेट कॉसमॉस :** उत्तरी अमेरिका महाद्वीप के मैक्सिको देश में पाया जाने वाला गहरे लाल या भूरे रंग का यह फूल हर किसी का मन मोह लेता है। अपने नाम के मुताबिक ही जब यह फूल खिलता है तो इसमें से चॉकलेट जैसी खुशबू आती है। आमतौर पर यह फूल जून-जुलाई माह से लेकर सर्दियों तक शाम के समय खिलता है। इस फूल का पौधा लगभग लुप्त हो चुका है। इसकी एकाध प्रजातियां ही नजर आती हैं।

**कैडुपुल फ्लावर :** दुनिया के दुर्लभ और खूबसूरत फूलों में से एक है- कैडुपुल फ्लावर। यह अनूठा फूल पड़ोसी देश श्रीलंका के जंगलों में पाया जाता है। इसे देखने का सौभाग्य बहुत कम लोगों को ही मिल पाता है, क्योंकि यह आधी रात को खिलता है और फिर सुबह होने से पहले ही मुरझा जाता है। उपलब्धता की कमी की वजह से यह दुनिया के सबसे महंगे फूलों की सूची में शामिल है। यह फूल नवंबर से मार्च माह के बीच खिलता है।

**सिलेन टोमेंटोसा :** यह फूल कैंपियन के नाम से भी जाना जाता है। ब्रिटेन के जिब्राल्टर क्षेत्र में पाया जाने वाला सिलेन टोमेंटोसा फूल बेहद अल्पायु होता है। यह शाम को कुछ देर के लिए ही खिलता है। दिलचस्प बात यह है कि सन् 1992 में जिब्राल्टर के वनस्पति विशेषज्ञों ने इसके लुप्त होने की घोषणा कर दी थी, लेकिन सन् 1994 में एक पर्वतारोही ने इसे देखा, तो वनस्पति विशेषज्ञों में खुशी की लहर दौड़ गई। वर्तमान में यह फूल जिब्राल्टर और लंदन के बॉटेनिकल गार्डन में ही देखा जा सकता है। सिलेन टोमेंटोसा अप्रैल माह के मध्य में खिलता है।



**घोस्ट ऑर्चिड :** मकड़ी के जाले सरीखा यह फूल द्वीपीय देश क्यूबा और संयुक्त राज्य अमेरिका के दक्षिणपूर्वी क्षेत्र में स्थित फ्लोरिडा राज्य के जंगलों में पाया जाता है। यह फूल बेहद खास वातावरण में ही खिलता है, इसलिए यह बहुतायत में उपलब्ध नहीं हो पाता है। इस फूल के पौधे में पत्तियां नहीं होती हैं, पौधे का तना और फूल हरे या सफेद आभा लिए होते हैं। पत्तियों के अभाव में यह पौधा ऊर्जा प्राप्त करने के लिए दूसरे किसी पेड़-पौधे से जुड़ जाता है। यह अप्रैल से अगस्त माह के बीच कभी-कभी मात्र तीन हफ्तों के लिए खिलता है। इससे साबुन जैसी सुगंध आती है।


घोस्ट ऑर्चिड


कैडुपुल फ्लावर


यलो एंड पर्पल लेडी स्लीपर्स

**पैरट्स बीक :** स्पेन देश द्वारा नियंत्रित द्वीपों का एक समूह है कैनरी द्वीपसमूह। इस द्वीपसमूह पर उगने वाला पैरट्स बीक नाम का फूल तोते की चोंच जैसा दिखता है। यह फूल वसंत ऋतु से लेकर गर्मियों की शुरुआत में खिलता है। इसकी भी अब बेहद कम प्रजातियां बची हैं। पैरट्स बीक फूल, समूह में खिलते हैं। इन्हें देखकर ऐसा लगता है मानो एक तोते का समूह चोंच ऊपर करके बैठा है।




**यलो एंड पर्पल लेडी स्लीपर्स :** ब्रिटेन समेत यूरोप महाद्वीप के कुछ क्षेत्रों में पाया जाने वाला ऑर्चिड फैमिली का यह फूल बेहद प्यारा है। पीले और बैंगनी रंग का इसका मेल सचमुच बहुत मनमोहक लगता है। फूल का 75 फीसदी हिस्सा पीले रंग और 25 फीसदी हिस्सा बैंगनी रंग का होता है। पीले रंग का हिस्सा किसी पोटली जैसा और बैंगनी रंग का हिस्सा इस पर बंधे फीते सा नजर आता है। यह फूल वसंत के मौसम से लेकर गर्मी के मौसम की शुरुआत तक खिलता है।

**मिडिलमिस्ट रेड :** दुनिया के सबसे दुर्लभ फूलों में से एक माना जाता है मिडिलमिस्ट रेड का फूल। इसे सिर्फ न्यूजीलैंड और यूनाइटेड किंगडम के ग्रीन हाउस गार्डन में देखा जा सकता है। इसके पौधे को सन् 1804 में यूके के एक नर्सरी मैन जॉन मिडलमिस्ट ने चीन से लाकर यहां उगाया था, उन्हीं के नाम पर इस फूल का नामकरण किया गया। ताज्जुब की बात यह है कि चीन में यह फूल लुप्त हो गया और लंदन के बगीचों में इसे उन दिनों बहुतायत में उगाया गया। वैज्ञानिक इसे ज्यादा तादाद में उगाने की कोशिश में जुटे हैं। ये फूल जनवरी और फरवरी माह में खिलते हैं। *



### 3000 साल में एक बार खिलता है यह फूल



**यूटेन पोलुओ** दुनिया में सबसे ज्यादा ध्यान आकर्षित करने वाला फूल माना जाता है। इस बेहद दुर्लभ फूल को उदुंबरा फ्लावर के नाम से भी जाना जाता है। कुछ लोग इसे बौद्ध धर्म से जोड़ते हैं। ऐसा माना जाता है कि यह फूल 3,000 वर्षों में एक बार ही खिलता है। दिखने में यह फूल कहीं से फूल जैसा नहीं लगता, लेकिन यह चंदन जैसी खुशबू बिखेरता है। इस फूल का पौधा चीन, कोरिया, ताइवान और अमेरिका देशों में देखा जाता है।

अजब-गजब / अंजू जैन

# अनानास जैसी इमारत



बच्चों, तुमने पाइनएप्पल यानी अनानास फल जरूर खाया होगा। इस फल की बनावट बहुत अनोखी होती है। तुम्हें यह जानकर आश्चर्य होगा कि दुनिया में एक घर ऐसा है, जिसमें एक विशाल आकार के अनानास की आकृति बनी है। यह अनोखा घर, स्कॉटलैंड(यूके) के स्टर्लिंग शायर में एयरथ नामक स्थान के पास डनमोर पार्क में स्थित है। बता दें कि स्कॉटलैंड में अनानास को समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। सन् 1777 में जॉन मोर ने सोचा कि क्यों ना अपने समर हाउस (गर्मी की छुट्टियां बिताने के लिए बना घर) पर एक विशाल अनानास बनाया जाए! इसलिए उन्होंने डनमोर में स्थित अपने घर के ऊपर एक विशाल अनानास की आकृति का निर्माण करवाया। अनानास की इस आकृति की ऊंचाई 14 मीटर यानी करीब 46 फीट है। इसलिए पार्क में काफी दूर से अनानास की आकृति देखी जा सकती है। डनमोर पार्क में घूमने आने वाले स्थानीय लोगों और पर्यटकों के बीच अनानास बिल्डिंग बहुत पॉपुलर है। *

## सबसे बड़ा पतंग संग्रहालय
# वेईफांग वर्ल्ड काइट म्यूजियम

अमेजिंग



बच्चों, तुमने अलग-अलग आकार वाली पतंग उड़ाई होगी। किताबों में और टीवी में अलग-अलग देशों की विभिन्न आकार वाली पतंगों की तस्वीर भी देखी। बच्चों, तुम्हें आसमान में अलग-अलग आकारों के पतंगों को उड़ते देखने में बहुत मजा आता है, है ना! क्या तुम जानते हो कि दुनिया में पतंग के इतिहास और इसके प्रकारों से जुड़े कई म्यूजियम्स भी हैं? इन सबमें दुनिया का सबसे बड़ा पतंग म्यूजियम पड़ोसी देश चीन में स्थित है। इसका नाम है- वेईफांग वर्ल्ड काइट म्यूजियम। चीन के वेईफांग को दुनिया की पतंग राजधानी कहा जाता है। सन् 1989 में छठे अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव के दौरान, चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान, ब्रिटेन, इटली और अन्य बारह देशों के प्रतिनिधियों द्वारा अंतरराष्ट्रीय पतंग संघ की स्थापना की गई थी। वेईफांग में अंतरराष्ट्रीय पतंग संघ का मुख्यालय है। बच्चों, वेईफांग वर्ल्ड काइट म्यूजियम की खासियतों की बात करें तो यह म्यूजियम 8,100 वर्ग मीटर के क्षेत्र में बना है। विश्व पतंग संग्रहालय की स्थापत्य शैली वीफांग सेंटीपीड पतंग से प्रेरित है। म्यूजियम 12 गैलेरीज में बंटा है, जिसमें चीन के प्राचीन काल से लेकर आधुनिक समय तक की पतंगों के कई मॉडल रखे हैं। संग्रहालय में 1,000 से अधिक बहुत सुंदर और अनोखी पतंगें प्रदर्शित की गई हैं। साथ ही सांस्कृतिक अवशेष, चित्रों के जरिए पतंग कला और शिल्प के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। म्यूजियम में पतंग का इतिहास और विकास के बारे में भी बताया गया है। यहां उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया, जापान, मलेशिया और संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे कई देशों की पतंगों को भी प्रदर्शित किया गया है। इस म्यूजियम में वेईफांग में निर्मित होने वाली पतंगों के निर्माण की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया है। *



प्रस्तुतिः देवेंद्र पांडे



## जीके क्विज-94

1. हाल में मध्य प्रदेश के किस शहर में दुनिया की पहली वैदिक घड़ी स्थापित की गई?
2. दुनिया का सबसे बड़ा स्कूल किस देश में है?
3. टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले पहले भारतीय बॉलर का क्या नाम है?
4. किस देश का झंडा दोहरे त्रिभुज आकार का है?
5. भारत के किस राज्य में केवल दो जिले हैं?
6. भारत का सबसे बड़ा चिड़ियाघर कहां स्थित है?
7. हिंदी के पहले समाचार पत्र का नाम क्या था?
8. छत्तीसगढ़ को प्राचीनकाल में किस नाम से जाना जाता था?
9. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कब मनाया जाता है?
10. हमारे शरीर के किस अंग में फीमर हड्डी पाई जाती है?



बच्चों, जीके क्विज-94 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।

**जीके क्विज-93 का उत्तर :** 1-जापान, 2-असम, 3-ज्ञानपीठ पुरस्कार, 4-भारत में, 5-जिराफ, 6-कर्नाटक, 7-अमेरिका, 8-शुक्र ग्रह, 9-बॉटनी, 10-कार्बन डाइऑक्साइड

**जीके क्विज-93 का सही उत्तर देने वाले :** सरबजीत-करनाल, आकांक्षा-अहमदाबाद, ईशान-अहमदाबाद, प्रत्युषा-बिलासपुर, कविता-रायपुर, हितेश-महेंद्रगढ़, रमेश-बिलासपुर, सुरेश-भोपाल, दिनेश-जबलपुर, उदित-रोहतक

## हंसगुल्ले

बच्चा भगवान से प्रार्थना कर रहा था।
**बच्चा-** प्लीज, भगवान कुतुबमीनार को आगरा भेज दो।
**मम्मी-** अरे, बेटा ऐसा क्यों कह रहे हो?
**बच्चा-** मम्मी, मैंने एग्जाम में गलती से कुतुबमीनार को दिल्ली के बजाय आगरा में लिख दिया है।
**-गौरी, दुर्ग**




**राहुल (रिक्शे वाले से)-** अंकल... बाजार जाओगे?
**रिक्शे वाला-** हां बेटा, जाऊंगा।
**राहुल-** अच्छा तो वापस कब आओगे?
**-मुकेश, रायपुर**

कहानी
कुसुम अग्रवाल

वसंत ऋतु आई तो बच्चों ने बगीचे में एक अनोखा पक्षी देखा, जो जोर-जोर से चहक रहा था। बच्चों ने जब पास जाकर देखा तो वह घायल था। बच्चों ने उसकी देखभाल के लिए उसे अपने पास रख लिया। इसके बाद पक्षी और बच्चों के बीच जो हुआ, वह मीठी यादें बना।

# वसंत ऋतु में बना अनोखा दोस्त



वसंत ऋतु आई तो बगीचे में फूल खिल उठे, उनकी खुशबू और पक्षियों की मधुर चहचहाहट से बगीचा गुलजार हो उठा था। इस बगीचे की देखभाल बच्चों का एक समूह कर रहा था, जो वसंत का बेसब्री से इंतजार कर रहा था। वसंत के आगमन से बच्चे बहुत खुश थे।

एक दिन जब बच्चे बगीचे की देखभाल में लगे थे, उन्होंने देखा कि एक छोटा पक्षी बगीचे में एक पेड़ की शाखा पर बैठा हुआ है। यह पक्षी उन सभी पक्षियों से भिन्न था, जिसे उन्होंने आज तक देख रखा था। यह पक्षी छोटा था, इसके चमकीले नीले पंख थे। बच्चे पक्षी पर मोहित हो गए। उन्होंने उसे करीब से देखना चाहा। जैसे ही वे पेड़ के पास पहुंचे, बच्चों ने देखा कि पक्षी घायल है। पक्षी उड़ने में असमर्थ है। बच्चे घायल पक्षी को देखकर दुखी हो गए।

अचानक पक्षी जोर-जोर से चहकने लगा। पक्षी की इतनी तेज चहचहाहट सुनकर बच्चों को आश्चर्य हुआ। वे सोचने लगे कि कहीं कुछ गड़बड़ है? तभी वह पक्षी अजीब भाषा में बोलने लगा। लेकिन बच्चे इस भाषा को समझ रहे थे। पक्षी ने बच्चों को बताया कि वह दूर देश से आया है। प्रवास के दौरान वह अपने परिवार और दोस्तों से अलग हो गया है। वह कई दिनों से उनसे बिछुड़ा हुआ है। बच्चों ने सावधानी से पक्षी को उठाया और अपने शिक्षक के पास ले गए, जो घायल पशु-पक्षियों की देखभाल में विशेषज्ञ थे। शिक्षक ने पक्षी की जांच की और बताया कि इस पक्षी को ठीक होने में कुछ समय लगेगा। बच्चों ने पक्षी की देख-भाल करने की ठानी। वे बारी-बारी से उसकी देखभाल करने लगे। बच्चों ने पक्षी के लिए एक विशेष घर बनाया, जहां वह आराम कर सके। पक्षी इस घर में कुछ दिनों तक रहा। बच्चों ने उस पक्षी की देखभाल बहुत अच्छे से की।

पक्षी धीरे-धीरे ठीक होने लगा। उसे बेहतर होता देख बच्चे बहुत खुश हुए। बच्चों ने महसूस किया कि उन्होंने एक अच्छा और सही काम किया है। एक दिन पक्षी फिर से जोर जोर से चहकने लगा। बच्चों को समझ आ गया कि अब पक्षी अपने परिवार और दोस्तों के पास वापस जाना चाहता है।

बच्चे पक्षी को लेकर बगीचे में गए। पक्षी ने अपने पंखों को फड़फड़ाना शुरू किया। बच्चों को एहसास हुआ कि वह उड़ने की कोशिश में है। पक्षी कुछ देर बगीचे के चारों ओर उड़ता रहा फिर वह आकाश में ऊंचे उड़ गया। बच्चे पक्षी को आकाश में उड़ते हुए आश्चर्य से देखते रहे। फिर पक्षी एक दिशा में उड़कर चला गया। बच्चों को अपनी उपलब्धि पर खुशी हुई।

कुछ दिनों बाद जब बच्चे एक दिन बगीचे की देखभाल कर रहे थे तो उन्होंने उसी पक्षी को अपनी ओर उड़कर आते देखा। पक्षी एक पेड़ की शाखा पर उतरा और बच्चों को देखकर जोर-जोर से चहचहाने लगा।

बच्चे पक्षी को दोबारा देखकर बहुत खुश हुए। वह समझ गए कि पक्षी उन्हें धन्यवाद देने के लिए कुछ दिन और उनके पास रहने के लिए आया है। बच्चे भी यह जानते थे कि इस पक्षी को दोबारा जाना होगा। इस बार जब पक्षी के जाने का समय हुआ तो बच्चों ने उसके लिए एक विशेष विदाई समारोह की योजना बनाई। उन्होंने बगीचे को रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया और अपने सभी दोस्तों और परिवार को उत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

बच्चों ने पक्षी के लिए उसके सभी पसंदीदा खाद्य-पदार्थों के साथ एक विशेष दावत की तैयारी कर रखी थी। उन्होंने एक स्पेशल केक भी बनाया था। केक का आकार पक्षी के घोंसले जैसा था। उसके ऊपर चॉकलेट से बने छोटे अंडे थे। बच्चों ने भाषण दिया और पक्षी को उनका मित्र होने और उन्हें दया, करुणा सिखाने के लिए धन्यवाद दिया। बच्चों ने पक्षी की अपने परिवार और दोस्तों के पास सुरक्षित पहुंच जाने की कामना भी की।

पूरे उत्सव के दौरान पक्षी खुशी से चहकता रहा। ऐसा लग रहा था कि वह इस उत्सव का आनंद ले रहा है। जब पक्षी के जाने का समय हुआ, तो बच्चों ने उसको अलविदा कहा और पक्षी को आकाश में उड़ते देखा।

बच्चे पक्षी को जाते देखकर दुखी हुए, लेकिन वे जानते थे कि यह करना सही है। उन्होंने सीखा था, दयालुता का छोटा कार्य भी एक बहुत बड़ा काम है। आशा और दृढ़ता से कठिन से कठिन काम किए जा सकते हैं। *

कविता
राम नरेश 'उज्ज्वल'



## सपना

आज रात में सोते-सोते
प्यारा सपना आया।
आसमान पर टहल रहा हूं
बीन रहा हूं तारे
थैला भर-भर लाया हूं मैं
सलमा और सितारे
देवलोक के सिंहासन पर
मुझको गया बैठाया।
डर कर भागा सूरज, छिपकर
अंधकार में बैठा
लेकिन उसे पकड़ कर मैंने
अपनी जेब में रखा
छोटे-छोटे इन हाथों ने
करतब खूब दिखाया।
चारों ओर उगे हैं पर्वत
और बीच में पानी
पानी के ऊपर फूल खिला है
और फूल पर रानी
रानी ने गोदी में अपनी
ले मुझको दुलराया।
आसमान से नीचे झांका
चमक रही थी धरती
तभी किसी ने धक्का मारा
निकल गई सब मस्ती
सपना टूट गया प्यारा
मैं जोर-जोर चिल्लाया।

## रंग भरो-145

**रंग भरो-145** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




पलक, धमतरी


सुयश, बिलासपुर


अंजली, फरीदाबाद


रेयांश, बिलासपुर


यश्नित, रायपुर


प्रगति, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आयुषी-सक्ती, अंकिता-धमतरी, जहान-धमतरी, लोकेश-दिल्ली, रितिका-बिलासपुर, वेदिका-बालोद, उदित-धमतरी, नरेश-बालोद, मीनाक्षी-रायपुर, प्रियंका-भोपाल, हितेश-रायपुर, मुकेश-जबलपुर, नरेश-बिलासपुर, ज्योति-महेंद्रगढ़, कविता-करनाल, जय-दिल्ली

## रंग भरो 146



बच्चों, यहां पर एक चित्र दिया गया है, जिसमें एक बच्चा दोनों हाथों में गुब्बारे पकड़े दिखाई दे रहा है। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## अंग्रेजी शब्द ज्ञान

बच्चों, यहां पर स्टेशनरी के सामानों के चित्र दिए गए हैं। तुम्हें इनके नाम इन्हीं के नंबर के अनुसार खाली बॉक्सेस में लिखने हैं। तो जल्दी से इन्हें पहचान कर नाम लिखो।



उत्तर: 1-ERASER, 2-SCISSORS, 3-PENCIL, 4-BACKPACK, 5-SHARPENER, 6-NOTEBOOK, 7-CALCULATOR, 8-GLOBE, 9-PEN, 10-BOOK